CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 86 | जयपुर, बुधवार 15 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162


जयपुर में अंबेडकर सर्किल पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, भवानी निकेतन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समारोह को किया संबोधित, इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा, सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत सहित कई अन्य विशिष्ट जन रहे मौजूद

## भजनलाल शर्मा का अंबेडकर जयंती पर एससी के युवाओं के लिए ऐलान: 200 ई-लाइब्रेरी, जयपुर में आवासीय कोचिंग सेंटर की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर जाति और बिरादरी के लोगों के समान और समुचित विकास के लिए संकल्पित हैं । इसी का ताजा उदाहरण मंगलवार को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर देखने को मिला जब मुख्यमंत्री शर्मा ने अनुसूचित जाति के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए दो बड़ी घोषणाएं की। जिसमें पहले प्रदेश में 200 अंबेडकर ई लाइब्रेरी की स्थापना और दूसरी जयपुर में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए आवासीय कोचिंग सेंटर की स्थापना करने की घोषणा की। इन दोनों ही घोषणाओं से निश्चित रूप से अनुसूचित जाति के युवाओं को अपना भविष्य उज्जवल बनाने में काफी सहायता मिलेगी । एक तरफ अंबेडकर ई-लाइब्रेरी से युवाओं को अध्ययन सामग्री और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए डिजिटल तरीके से अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी तो दूसरी तरफ राजधानी जयपुर में कोचिंग सेंटर की स्थापना से अनुसूचित जाति के युवा बिना किसी टेंशन और बिना किसी परेशानी के ठीक तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे इसलिए मंगलवार का दिन प्रदेश के अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए काफी शुभ साबित हुआ । जब मुख्यमंत्री शर्मा ने अनुसूचित जाति के परिवारों के कल्याण और भलाई के लिए यह दो बड़ी घोषणाएं की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भवानी निकेतन परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए कई तरह की सौगात दी । मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की इसके अलावा जयपुर के मंडला स्थित अंबेडकर पीठ में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए एक आधुनिक आवासीय कोचिंग केंद्र स्थापित करने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगी जबकि आवासीय कोचिंग केंद्र से आर्थिक रूप से कमजोर इंटेलिजेंट छात्रों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा ।



### अंबेडकर सर्किल पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री और सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों ने माल्यार्पण किया

डॉ अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजधानी जयपुर में अंबेडकर सर्किल पर गए यहां उन्होंने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से श्रद्धांजलि दी। इसमौके पर मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक बालमुकुंद आचार्य और गोपाल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धा से नमन किया । इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वंचित वर्ग के कल्याण और विकास के लिए तथा सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के लिए महान कार्य किया उन्होंने संविधान का निर्माण करके भारत में सभी जाति और वर्ग के लोगों को समान अधिकार और समुचित कल्याण और विकास की पटकथा लिखी बाद में उन्होंने जयपुर में भवानी निकेतन परिसर में अंबेडकर जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम संबोधित किया तथा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने शिक्षा सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को लेकर कई बड़े ऐलान किया ।

### *नारी शक्ति और बाबा साहब का विजन*

*बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आरबीआई वित्त आयोग और श्रमिकों के लिए 8 घंटे का काम अधिकार जैसे ऐतिहासिक निर्णय डॉ अंबेडकर की ही दूरगामी सोच का परिणाम है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना बाबा साहब के महिला सशक्तिकरण के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें उचित सम्मान दिया है ।*

### पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस ने किया केवल दिखावा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया उन्होंने राजनीति से दूर रखने की कोशिश की उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद गांधी परिवार खुद को भारत रत्न देने में व्यस्त रहा जबकि बाबा साहब को यह सम्मान 1990 में भाजपा के समर्थन वाली सरकार के दौरान मिला उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल वंचित और पिछड़ों के वोट के लिए राजनीति करती है करती है इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को पूरी तरह से कुचल दिया था जो बाबा साहब का घोर अपमान था मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह भी दावा किया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से पिछले दो वर्षों में अनुसूचित जाति और जनजाति पर होने वाले अत्याचारों में 28 प्रतिशत की कमी आई है ।

### शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्यार्थियों के हित में 29.12 करोड रुपए की लागत से निर्मित 10 नए छात्रावासों का लोकार्पण किया तथा 47.60 करोड़ की लागत वाले 17 नए छात्रावासों का शिलान्यास भी किया। इसके अतिरिक्त जामडोली स्थित सेंटर आफ एक्सीलेंस में 50 लाख रुपए की आधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया कार्यक्रम में एक विशेष 'समाधान साथी' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चाटबॉट का भी शुभारंभ किया गया जो पेंशन छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक आसानी से पहुंचाएगा।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के जरिए 1330 करोड़ रुपए का हस्तांतरण किया

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बटन दबाकर प्रदेश के 80 लाख पेंशनभोगियों और 5.54 लाख पालनहार लाभार्थियों के खातों में 1363 करोड रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे स्थानांतरित की उन्होंने कहा कि अंत्योदय और सामाजिक सुरक्षा उनके सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

## भजनलाल शर्मा ने सम्राट चौधरी के साथ अपना फोटो शेयर करके उन्हें विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** नीतीश सरकार में उपमुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे सम्राट चौधरी अब बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे मंगलवार को विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को नेता चुन लिया गया। सम्राट चौधरी के विधायक दल के नेता चुने जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी खुशी जाहिर करते हुए सम्राट चौधरी के साथ अपना फोटो शेयर करके उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की है। बिहार के राजनीतिक गलियारों और बिहार के शासन सचिवालय के गलियारों में यह चर्चा जोरों से सुनने को मिल रही थी कि बिहार में भी मुख्यमंत्री के चयन में कोई चौंकाने वाला नाम सामने आ सकता है क्योंकि भाजपा हाई कमान की ओर से पिछले कुछ सालों से विभिन्न राज्यों में मुख्यमंत्री पद के लिए चौंकाने वाले नाम का ऐलान किया



इसलिए बिहार में भी यह माना जा रहा था कि यहां कोई चौंकाने वाला नाम सामने आ सकता है लेकिन मंगलवार को सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद चर्चाएं सिर्फ चर्चा बनकर ही रह गई हैं ।हालांकि मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे टॉप पर चल रहा था लेकिन जैसा की हरियाणा राजस्थान और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में चौकाने वाले नाम का ऐलान किया गया था वैसे ही बिहार में



माना जा रहा था कि शायद सम्राट चौधरी की जगह किसी और को अवसर मिले लेकिन बिहार में सम्राट चौधरी की योग्यता पर भाजपा हाई कमान ने विश्वास जताया है सम्राट चौधरी युवा हैं और दबंग नेता के रूप में उनकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है तथा उनका उपमुख्यमंत्री पद का कार्यकाल भी काफी अच्छा रहा है इसलिए भाजपा हाई कमान ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का अंतिम निर्णय लिया ।

## भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में आज बिरला सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का होगा ऐतिहासिक आयोजन, दिया कुमारी भी रहेगी मौजूद

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** आज राजधानी जयपुर में बिरला सभागार में करीब महिलाओं के 200 संगठनों की ओर से सामूहिक रूप से महिला शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं के शामिल होने की बात कही जा रही है इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जानकारी के अनुसार केंद्र की मोदी सरकार की ओर से संसद में महिला आरक्षण बिल के मंजूर करवाने से महिला संगठनों में गजब की खुशी छाई हुई है विभिन्न महिला संगठनों की ओर से इस ऐतिहासिक अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट कर रही हैं और उन्हें महिलाओं के हितों की रक्षा और महिलाओं के कल्याण के लिए एक देवदूत प्रधानमंत्री के रूप में मान रही हैं। इसलिए आज



विभिन्न महिला संगठनों की ओर से बिरला सभागार में एक एतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करने जा रही हैं । ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा की महिला मोर्चा के अध्यक्ष राखी राठौड और महिला मोर्चा की अन्य सभी पदाधिकारी काफी उत्साहित नजर आ रही है इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए महिला संगठनों की ओर से मौके पर शानदार तैयारी की गई है जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन की तैयारी भी शानदार तरीके से की जा रही है उल्लेखनीय है कि महिला शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत प्रदेश भाजपा और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की ओर से पूरे प्रदेश भर में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी लोकसभा क्षेत्र में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए जो जो कार्य और जो जो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं उनके बारे में बताया जा रहा है इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार की ओर से ले जा रहे महिला आरक्षण बिल को लेकर खुशी जताने के साथ-साथ इस बिल के माध्यम से प्रदेश भर की महिलाओं को यह बताने का प्रयास किया जाएगा कि केंद्र कि मोदी सरकार महिलाओं को अब लोकसभा और विधानसभा में भी बड़ी संख्या में देखना चाहती है।

## राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025: ऑनलाइन आवेदन शुरू, खुदरा व्यापारियों को 2 करोड़ तक का लोन : राठौड़

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लाई गई राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 के तहत आवेदन शुरू हो गए हैं। स्वयं की एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। इस नीति के तहत खुदरा व्यापारियों को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसपर राज्य सरकार 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान और इंश्योरेंस प्रीमियम पर 50 प्रतिशत तक की सहायता सहित अन्य लाभ देगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीऔर मुख्यमंत्री शभजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में व्यापार क्षेत्र में इस प्रकार की नीति पहली बार लाई गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश के छोटे व्यापारियों को बड़े ट्रेड, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और लॉजिस्टिक नेटवर्क जैसे समान अवसर उपलब्ध कराना है। इससे व्यापार क्षेत्र में निवेश वृद्धि होने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। राठौड़ ने बताया कि इस नीति से राज्य का खुदरा और थोक व्यापार सशक्त होगा। यह नीति राज्य में 10.5 लाख से अधिक रिटेल स्टोर्स और तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। यह व्यापार क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन करने, छोटे ट्रेडर्स को बाजार एवं ऋण तक आसान पहुंच उपलब्ध करवाने तथा खुदरा व थोक व्यापार में एमएसएमई उद्यमों के विकास के लिए कार्य करेगी। नए सूक्ष्म व्यापारी उद्यमों की स्थापना के लिए एक करोड़ रुपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा एक करोड़ से 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 4 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा।




CMYK

**अलवर जयपुर टाइम्स**

जयपुर, बुधवार
15 अप्रेल, 2026

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में वीसी से वर्चुअल आयोजन

## अलवर के राजकीय महाविद्यालय स्तरीय आर्थिक कमजोर वर्ग बालिका छात्रावास का वर्चुअली किया शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में मंगलवार को भवानी निकेतन ग्राउण्ड सीकर रोड जयपुर में राज्य स्तरीय अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 80 लाख पेंशनभोगियों और 5.54 लाख पालनहार लाभार्थियों के खातों में कुल 1,363 करोड़ की सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से सीधा हस्तांतरण किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों, शिक्षकों और सामाजिक क्षेत्र की उत्कृष्ट विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। जिसका मिनी सचिवालय के सभागार में वीसी के माध्यम से वर्चुअल आयोजन हुआ।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर किया गया सीधा प्रसारण

अम्बेडकर जयन्ती का कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअली सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत जिले के 2 लाख 28 हजार 417 लाभार्थियों के खातों में 89 करोड रूपये तथा पालनहार योजना के 18 हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में 2 करोड 25 लाख रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय स्तरीय आर्थिक कमजोर वर्ग बालिका छात्रावास अलवर का वर्चुअली शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा है। हमारा संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें शिक्षा के समान अवसर प्रदान किए जाएं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार और उनका मार्गदर्शन 'अंत्योदय' के हमारे संकल्प को निरंतर शक्ति प्रदान करते हैं। सशक्त और समावेशी राजस्थान बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बाबा साहेब के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, छात्र हित में 10 नए छात्रावासों का लोकार्पण व 17 नए छात्रावासों का शिलान्यास किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, एडीएम प्रथम बीना महावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकांत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा माही ने हर्षोल्लास से मनाई अंबेडकर जयंती

## जिला कलेक्टर के हाथों प्राप्त किए प्रांतीय पुरस्कार



जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** भारत विकास परिषद शाखा माही द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा जयघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शाखा माही को परिषद के प्रांतीय पुरस्कार एवं हरिश्चंद्र कलाल को 'विकास रत्न' सम्मान, जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजीव द्विवेदी के करकमलों से ग्रहण किए गए। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष हरिश्चंद्र कलाल, सचिव रमेश चंद्र जैन, कोषाध्यक्ष अनंत गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य आशा मित्तल, प्रांतीय पदाधिकारी संजय गुप्ता, सुबोध मालोत, किशोर पाठक, विजय कृष्णा वैष्णव, मणीलाल यादव, तरुण कोठारी, प्रभात शाह, राजेंद्र सेन, मुकेश जैन, हितेंद्र गुप्ता, मिठालाल माली, गोपाल लालवानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# आंखा तीज पर सर्वजातीय सामूहिक विवाह 19 अप्रैल को

## सतीश भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट की पहल, 6 जोड़ों का होगा नि:शुल्क विवाह

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सतीश भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 19 अप्रैल 2026 को आंखा तीज के अवसर पर छठे नि:शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में विभिन्न समाजों के 6 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। विवाह समारोह के तहत 6 दूल्हों की सामूहिक बारात 6 घोड़ियों पर सवार होकर डीजे, ढोल एवं बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी। बारात सुबह 10 बजे पुरुषार्थी धर्मशाला से रवाना होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होती हुई दोपहर 12 बजे सार्वजनिक गौशाला पहुंचेगी, जहां वैवाहिक रीति-रिवाज पूरे कराए जाएंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली करेंगे। मंच संचालन जोगेंद्र कोचर द्वारा किया जाएगा। बारात का स्वागत अजय अग्रवाल एवं सतीश भाटिया द्वारा किया जाएगा। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सतीश भाटिया ने बताया कि इस सर्वजातीय विवाह का उद्देश्य समाज में स्नेह, सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकना है।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## जिला स्तर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, जिला कलेक्टर ने दिलाई संविधान की शपथ



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला सचिवालय सभागार, खैरथल-तिजारा में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम से पूर्व जिला कलेक्टर ने अंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने उपस्थित सभी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक और भावपूर्ण पाठन कराते हुए सभी को संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दिलाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है तथा उनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सभी को उनके आदर्शों को अपनाने और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह के पश्चात जिला कलेक्टर ने उपस्थित छात्रों से संवाद कर बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कुल 11,938 पेंशन लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया गया। इसके साथ ही जिले में दो नवीन छात्रावासों का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, जिले के अधिकारी, कर्मचारी, उद्योगपति, आमजन एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में मनाई अम्बेडकर जयंती

## संविधान के की निष्ठापूर्वक पालना की दिलाई शपथ, संविधान के प्रस्तावना का किया वाचन






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट अभागार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने जिलेवासियों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती की बधाई दी। उन्होंने संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया तथा संविधान की पालन की शपथ दिलाई। इस अवसर उन्होंने कहा कि संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन आदर्श मूल्यों से जुड़ा रहा है। बाबा साहेब ने समतमूलक समाज की स्थापना करने हेतु वंचित एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनका अप्रतिम योगदान रहा। ने कहा कि बाबा साहेब महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्, कानूनविद्, और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उनके सिद्धांतों और विचारों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, यूआईटी के उप सचिव जीतेन्द्र नरुका, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकांत, नजीर तहसीलदार यशवंत मीणा सहित अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहें।

# सरिस्का में नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 5 वाहनों से वसूला 5000 जुर्माना

## पांडुपोल व बांदीपूल क्षेत्र में श्रद्धालुओं द्वारा वन्यजीवों को खिलाने और नियम उल्लंघन पर फ्लाइंग स्क्वाड की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से कार्रवाई की है। यह कार्रवाई वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, सरिस्का बाघ परियोजना के निर्देशन में की गई। नियमित गश्त के दौरान फ्लाइंग स्क्वाड को दो स्थानों पर उल्लंघन के मामले सामने आए। पांडुपोल मंदिर दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनदेखी करते हुए वन्यजीवों को खाद्य सामग्री खिलाना, वाहन से नीचे उतरना तथा वाहनों को मुख्य मार्ग छोड़कर कच्चे रास्तों पर ले जाना पाया गया। वहीं बांदीपूल मंदिर के समीप भी वन्यजीवों को खाद्य सामग्री डालने की गतिविधियां सामने आईं। इन उल्लंघनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 5 वाहनों से 5000 का जुर्माना वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वन्यजीवों को खाद्य सामग्री देने से उनके प्राकृतिक आहार और व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही, वाहन से नीचे उतरना और निर्धारित मार्ग से हटकर चलना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह श्रद्धालुओं और वन्यजीवों दोनों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। सरिस्का टाइगर रिजर्व प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे वन्यजीवों को किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री न दें, वाहन से नीचे न उतरें तथा पांडुपोल मंदिर दर्शन के दौरान जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसे मामलों में और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा ही विकसित भारत का मूल मंत्र है - यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** ग्राम बिजोरावास (बहरोड) में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण सरोज बस्तीराम यादव प्रधान, पंचायत समिति बहरोड के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि ग्रामवासियों ने बाबा साहब की मूर्ति मुख्य रास्ते पर स्थापित कर एक बहुत बड़ा प्रेरणा स्थल स्थापित किया है इससे गांव के युवा विद्यार्थी प्रेरणा ले सकेंगे तथा सरकारी नौकरियों में दलितों, पिछड़ों एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए स्वर्णों के लिए आरक्षण की व्यवस्था बाबा साहब की ही देन है। बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा ही विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। सांसद भूपेंद्र यादव ने अलवर जिले में 100 से अधिक ई-लाइब्रेरिया संचालित कर बाबा साहब के सपनों को साकार करने का काम किया है। साथ ही सांसद खेल उत्सव के माध्यम से जिले के युवक युवतियों को ओलंपियाड और एशियाड तक पहुंचने का रास्ता खोलने का काम किया है। प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत समिति प्रधान कोटे से दर्जनों बालिका पुस्तकालय और लाइब्रेरीया तथा जिम और दौड़- ट्रैक चालू कर युवाओं के लिए खेल और पढ़ाई के आयाम स्थापित करने का काम किया है। ग्रामवासियों ने प्रधान द्वारा किए गए 25 लाख से अधिक के विकास कार्यों का आभार सहित धन्यवाद ज्ञापित किया द्य इस अवसर पर बाबा साहब के स्मारक के लिए भूमि दान दाता, समाज के बुजुर्ग भामाशाह शेर सिंह मेघवाल को साफा पहनाकर आभार व्यक्त किया गया, तथा सोताज सिंह सरपंच, सुरेश चंद्र भेड़ी सरपंच, डॉ जयपाल यादव, मनोज यादव एडवोकेट, वेद कृष्णा सरपंच, रोहतास पार्षद मेघवाल, सुनील यादव, रोहतास गुजर, जसवंत सिंह प्राचार्य, सुरेश चंद्र प्राचार्य, राजेश मेघवाल, लेखराज मेघवाल, रामस्वरूप पीटीआई, कृष्ण कुमार, जसवंत यादव, सहित सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं युवा उपस्थित थे

कार्यक्रम का संचालन जयद्रथ यादव शिक्षक नेता ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता उदय सिंह यादव सरपंच ने की।

# अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित, बूढ़वाल में पशु चिकित्सालय भवन का शिलान्यास

## डॉ. मोहित जसवंत यादव की पहल से ग्रामीण विकास और पशुपालन को बढ़ावा



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने भाग लेते हुए सामाजिक समरसता और विकास का संदेश दिया।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार—समानता, न्याय और शिक्षा—आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

इसके पश्चात उन्होंने बूढ़वाल में राजकीय श्री गणपतराम नम्बरदार पशु चिकित्सालय के नए भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि यह भवन 46.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगा, जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं मिल सकेंगी और पशुओं की समय पर देखभाल सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीणों की आय एवं आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने जानकारी दी कि बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव के प्रयासों से यह परियोजना साकार हो रही है। साथ ही बूढ़वाल क्षेत्र में ढाणी मोहल्ला एवं जाटी वाला कुआं पर टाइल्स निर्माण, बूढ़वाल से सोना की ढाणी तक लिंक सड़क निर्माण तथा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परियोजना जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों पर कुल 238.90 लाख रुपये की लागत व्यय की जा रही है। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट प्रशान्त यादव, जिला पार्षद रामनरेश यादव, सरपंच नवरत्न, नरेश सरपंच, सत्येन्द्र यादव, अनिल बोहरा, कर्मवीर यादव, नवीन बूढ़वाल, नवीन यादव, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

## बाबा साहेब के मार्ग पर चल कर देश व प्रदेश में हो रहा है अंत्योदय कल्याण- वन राज्य मंत्री शर्मा




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने भारत रत्न डा. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर अम्बेडकर सर्किल पर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब ने हमें ऐसा संविधान जिसमें हर नागरिक के लिए समानता, न्याय और अधिकारों की पूरी सुरक्षा है।उन्होंने कहा बाबा साहेब के सबका साथ सबका विकास के अंत्योदय के मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्ग दर्शन में देश व प्रदेश सामाजिक न्याय, गरीब कल्याण और वंचित वर्गों का सशक्तिकरण सुनिश्चित करते हुए बाबा साहेब के विचारों पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

# अबेडकर जयंती पर भाजपा कार्यालय में भव्य विचार संगोष्ठी



## बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंबेडकर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक वर्ग विशेष के नेता नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर के समाज सुधारक और महान अर्थशास्त्री थे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा निर्मित संविधान आज विश्व का एक सशक्त लोकतांत्रिक दस्तावेज है। साथ ही महिलाओं को संपत्ति एवं शिक्षा का अधिकार दिलाकर उन्होंने नारी सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी। अति विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व विधायक जय राम जाटव ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव की दीवारों को तोड़कर समरसता का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और श्रमिकों, किसानों एवं पिछड़े वर्गों के लिए बनाए गए उनके प्रावधान करोड़ों लोगों के जीवन को दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री देशराज खरेरा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ऋषिराज शर्मा, उपाध्यक्ष मूलचंद डीग्वाल, हुकुम फागण, जिला मंत्री राजेश तिवारी, शीला जांगिड़, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष सीताराम किराड, एडवोकेट अशोक वर्मा, रमेश जाटव, रुबिया उपाध्याय, जोगेंद्र गुप्ता, प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा, सुमन चौधरी, रीता सेठी सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमित संसाधनों से विकास के नए आयाम हासिल करने में माहिर हैं अर्तिका शुक्ला

**अपनी आकर्षक पर्सनालिटी से उद्योग, जगत, व्यापार जगत, सामाजिक संगठनों, दानदाताओं और भामाशाहों इत्यादि को अलवर के सर्वांगीण विकास से जोड़कर अलवर जैसे संवेदनशील जिले में विकास के एक नए स्वर्णिम युग की लिख रही है शानदार पटकथा, सिर्फ डेढ़ साल के कार्यकाल में ही अलवर शहर और ग्रामीण इलाकों में अपने नवाचारों और नए प्रयोगों से लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने के साथ-साथ सामाजिक, पर्यावरण, शिक्षा, महिला सुरक्षा, अपराध, साइबर क्राइम, प्रदूषण इत्यादि सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिले के लोगों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का जीता दिल**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सीमित संसाधन और धन की कमी के बावजूद भी विकास के नए आयाम कैसे स्थापित किए जा सकते हैं इसकी कला और तरीकों के बारे में भला अलवर जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला से ज्यादा कौन जान सकता है जिन्होंने सिर्फ डेढ़ साल की अल्प अवधि में ही अलवर जैसे संवेदनशील जिले में न केवल विकास के स्वर्णिम युग की शुरुआत कर दी है बल्कि जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में फूल खिले गुलशन गुलशन जैसे हालात बना दिए हैं जिसकी कभी किसी ने शायद परिकल्पना भी नहीं की हो क्योंकि सालों से अलवर जिले के पीछे अपराधों की एक बहुत बड़ी काली हिस्ट्री जुड़ी हुई है जिससे अलवर जैसा खूबसूरत और ऐतिहासिक शहर बदनामी की पीड़ा भी सहन करता रहा है लेकिन पिछले डेढ़ साल में अलवर के चौमुखी विकास में ही नहीं बल्कि जिले के लोगों की जीवन शैली और यहां के युवाओं की लाइफस्टाइल में जो तेजी से क्रांतिकारी बदलाव आया है उसमें जिले की युवा और मेहनती कलेक्टर अर्तिका शुक्ला के नवाचार और नवीन प्रयोगों का बहुत बड़ा योगदान माना जा रहा है, इनके नवाचारों से जिले में विकास की गंगा तो बह रही है ही इसके अलावा सालों से अपराधों के साए में जी रहे इस जिले के युवाओं की सोच और जीवन शैली में अच्छा बदलाव दिखने लगा है जिससे इस जिले की तरक्की, शांति और स्वच्छ माहौल की आहट साफ सुनाई दे रही है ।









## अर्तिका शुक्ला की हर पहल और नवाचार उद्योग जगत के लोगों और भामाशाह को खूब आ रहे पसंद

अलवर जिले में अमीर लोगों की कमी नहीं है यहां बड़े-बड़े धन्नासेठ बैठे हैं लेकिन यह भी सच है कि जितने भी पैसे वाले हैं वह एक-एक पैसे की कीमत समझते हैं इसलिए भले ही उनके पास खूब पैसा हो लेकिन वे अपनी मेहनत का एक पैसा भी फालतू में बर्बाद नहीं करते लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि वे सामाजिक सरोकार के काम करना नहीं चाहते ऐसे लोगों की सामाजिक सरोकार के कामों में खूब दिलचस्पी रहती है लेकिन उन्हें इस बात का भी विश्वास दिलाना बहुत जरूरी होता है कि उनके एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा तो फिर ऐसे लोग एक हाथ से नहीं बल्कि अपने दोनों हाथों से दान देने में और आर्थिक सहयोग देने में पीछे नहीं रहते इसलिए अर्तिका शुक्ला ने कलेक्टर की कुर्सी पर बैठने के पहले दिन ही यह सोच लिया था कि जिले में अगर सामाजिक सरोकारों के कार्यों को गति देनी है और जिले के विकास को तेजी से आगे बढ़ाना है तो यह अकेले सरकार के भरोसे ही नहीं होगा इसके लिए कहीं ना कहीं उद्योग जगत और भामाशाहों को साथ लेकर ही जिले में विकास के क्रांति लाई जा सकती है क्योंकि वैसे भी जिला कलेक्टर के पास मुख्य रूप से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी रहती है और कलेक्टर के पास इतना फंड भी नहीं होता है कि वह समुचित रूप से जिले में विभिन्न तरह के विकास कार्य करवा सके इसलिए अर्तिका शुक्ला ने जिले के उद्योग जगत से लोगों और भामाशाह के साथ नियमित रूप से बैठक का आयोजन करके उन्हें जिले के विकास में सहयोग करने की अपील की क्योंकि कलेक्टर अर्तिका शुक्ला पूर्व में अलवर विकास न्यास विभाग और अलवर जिला परिषद में भी सर्वोच्च पद पर पोस्टेड रही हैं इसलिए अलवर में लंबे समय तक उनके नौकरी करने से अलवर के सभी प्रबुद्ध जन, व्यापारीगण,उद्योगपति, सामाजिक संगठन से जुड़े लोग भामाशाह सभी उनकी पर्सनालिटी से अच्छी तरह से वाकिफ रहे हैं, शुक्ला की ईमानदारी और जिले के विकास में उनकी गहन रुचि को देखकर उद्योग जगत से जुड़े लोगों और भामाशाहों ने भी जिले के विकास में अपना पूरा सपोर्ट करने का भरोसा दिलाया क्योंकि वे यह जानते थे कि इस महिला कलेक्टर के होते हुए उनके एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा इसलिए पिछले डेढ़ साल में जिले में ग्रामीण और शहरी इलाकों में शिक्षा, पर्यावरण, महिला सुरक्षा और कल्याण, वृक्षारोपण इत्यादि भांति भांति के सामाजिक सरोकार के कार्य बड़े पैमाने पर उद्योग जगत से जुड़े लोगों और भामाशाह के सहयोग से संपादित हुए जिससे जिले के लोगों को काफी फायदा मिल रहा है ।

## डॉक्टरी छोड़कर आईएएस बनने के पीछे क्या है बड़ा रहस्य

अर्तिका शुक्ला वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी हैं इससे पहले दिल्ली और चंडीगढ़ में एक उत्कृष्ट डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं इनके पिता भी डॉक्टर हैं इसलिए बचपन से अपने पिता को मरीजों की देखभाल और सेवा करते देख इनके दिल में भी डॉक्टर बनने की तमन्ना थी इसलिए दिल्ली में एमबीबीएस की पढ़ाई कंप्लीट करने के बाद चंडीगढ़ में एमबीबीएस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया दिल्ली और चंडीगढ़ में डॉक्टरी की नौकरी में इन्हें मन ही मन यह महसूस हो रहा था कि इस क्षेत्र में लोगों की सेवा का दायरा सिर्फ चिकित्सा क्षेत्र तक ही सीमित है इसलिए उन्हें डॉक्टर के क्षेत्र में खुद को पूर्ण आत्मसंतुष्टि नहीं मिल रही थी क्योंकि वे एक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहना चाहती थी अनेक क्षेत्रों में लोगों की सेवा करना चाहती थी इसलिए उन्होंने अपने बड़े भाई से प्रेरित होकर भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा फाइट करने का मन बनाया ताकि विभिन्न क्षेत्रों में रहकर लोगों की समस्याओं का निवारण कर सकूं और लोगों की सेवाएं कर सकूं जिसमें उन्हें सफलता भी मिली और सिर्फ 25 साल की आयु में ही वर्ष 2016 में इनका आईएएस में सिलेक्शन हो गया इस तरह से कहा जा सकता है कि जिस मकसद से इन्होंने डॉक्टरी छोड़कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने का प्रण लिया उस मकसद को पूरी तरह से कामयाब करते हुए भी दिख रही हैं क्योंकि अलवर जिले में ही नहीं बल्कि अलवर जिला कलेक्टर बनने से पहले भी जहां-जहां इन्हें जिस जिस पद पर जिम्मेदारी मिली उस जिम्मेदारी को इन्होंने बहुत ही शानदार और बेमिसाल तरीके से संपादित किया ।

## 1 साल के मासूम बच्चे को घर पर छोड़ सार्वजनिक छुट्टी के दिन भी ऑफिस में सरकारी काम करने की हैबिट

अर्तिका शुक्ला के पति जसमीत सिंह संधू वर्तमान में भीलवाड़ा में कलेक्टर पद पर पोस्टेड हैं इन दोनों खूबसूरत कपल का भारतीय प्रशासनिक सेवा में एक साथ ही एक ही बैच में सिलेक्शन हुआ था 2016 में इन दोनों कपल ने शादी कर ली अर्तिका शुक्ला के एक बेटा और एक बेटी हैं बेटा सिर्फ एक साल का ही है लेकिन अपनी ड्यूटी को कितनी कर्मठ, ईमानदारी और समर्पित तरीके से निभा रही है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अपने मासूम एक साल के छोटे से दिल के टुकड़े को घर पर छोड़कर सरकारी छुट्टी के दिन भी यह वंडर महिला अधिकारी अक्सर अपने कार्यालय में सरकारी काम करते हुए नजर आती है जबकि अक्सर यह देखा जाता है कि कई ऑफिसर छुट्टी के दिन सिर्फ अपने परिवार वालों के साथ ही समय बिताने के लिए अपने मोबाइल फोन तक को ही स्विच ऑफ करके रखते हैं लेकिन अक्सर यह देखने में आया है कि दूदू, खैरथल और अब अलवर जिले में कलेक्टर पद पर रहने के दौरान सरकारी छुट्टी के दिन भी अर्तिका शुक्ला जिलाधीश कार्यालय में पहुंचकर सरकारी फाइलों के साथ व्यस्त रहती हैं ड्यूटी के प्रति इतना समर्पित भाव इतना जुनून बहुत कम अधिकारियों में ही देखने को मिलता है इसलिए कह सकते हैं कि यह अलवर की जनता का सौभाग्य है कि उन्हें एक काबिल अधिकारी कलेक्टर के रूप में इस समय मिला हुआ है ।

## राष्ट्रपति, राज्यपाल और प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार और विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई बार सम्मानित हो चुकी है अर्तिका शुक्ला

वर्ष 2016 से लेकर अब तक अलवर जिलाधीश पद पर विराजमान रहने के दौरान अर्तिका शुक्ला ने अनेक बार केंद्र सरकार राजस्थान सरकार विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई बार सम्मानित हो चुकी है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अलवर जिले में जल संचय जन भागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली में एक शानदार समारोह में अर्तिका शुक्ला को सम्मानित किया इसी तरह से एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड में ऊर्जा संरक्षण में शानदार कार्य करने के लिए भी प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की ओर से इनका सम्मान किया गया इसी तरह से स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अलवर जिले के पूरे देश में तीसरे नंबर पर आने पर भी इस अलवर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया क्योंकि दिल्ली एनसीआर और भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के होने की वजह से यहां प्रदूषण सालों से काफी खराब चल रहा था लेकिन इस प्रदूषण के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए जिला कलेक्टर की भूमिका के रूप में अर्तिका शुक्ला ने कई तरह के बड़े कदम और नवाचार किया जिसकी वजह से स्वच्छ वायु संरक्षण में अलवर ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया इसीलिए इस उपलब्धि के लिए युवा कर्मठ महिला कलेक्टर का शानदार तरीके से वेलकम किया गया इसी तरह से एसआईआर की प्रक्रिया को जिले में बहुत ही शानदार तरीके से सफलतापूर्वक निर्धारित अवधि से पहले संपादित करके अर्तिका शुक्ला ने चुनाव आयोग और प्रदेश के निर्वाचन विभाग के समक्ष खुद को एक श्रेष्ठ अधिकारी के रूप में साबित करके दिखाया इसलिए राज्यपाल की ओर से इनका सम्मान किया गया इसके अलावा उदयपुर के ऋषभदेव और अजमेर में एसडीएम पद पर रहने के दौरान भी अपने पब्लिक टच को लेकर स्थानीय लोगों में काफी पॉपुलर रही और लोगों की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निस्तारण करके अपनी सर्विस के शुरू के दिनों में ही खुद की.एक समर्पित और कर्मठ अधिकारी के अपनी पहचान बना ली थी और प्रदेश में जहां-जहां और जिन-जिन पदों पर पोस्टेड रही वहां पर ईमानदारी और और कड़ी मेहनत से कार्य करके प्रदेश सरकार को तो प्रभावित किया ही इसके अलावा लोगों के दिलों पर भी राज किया इसलिए कई सामाजिक व्यापारिक संगठनों की ओर से इन्हें अब तक सम्मानित किया जा चुका है ।



## युवाओं के करियर को नई दिशा और गति देने के लिए स्कूल स्तर पर ही उन्हें अच्छा नागरिक बनाने के लिए 'ई- लाइब्रेरी' की स्थापना की

अगर बच्चों को स्कूली शिक्षा में ही अच्छा माहौल और अच्छा मार्गदर्शन मिल जाता है तो फिर उसका दिमाग गलत चीजों की नहीं दौड़ता है, अर्तिका शुक्ला अलवर जिले की वस्तु स्थिति और अलवर के अपराध जगत से अच्छी तरह से पहले से ही वाकिफ थी यहां मेवात क्षेत्र में हो रही अनैतिक और अवांछित गतिविधियों के बारे में भी उन्हें यह अच्छी तरह से पता था कि यहां के युवाओं को शुरू में ही अच्छे संस्कार पर अच्छा मार्गदर्शन नहीं मिल रहे इसलिए स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही वह गलत दिशा में चले जाते हैं इस पर नवाचार करते हुए अर्तिका शुक्ला ने जिले के ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर मेवात इलाकों में स्कूलों में 'ई लाइब्रेरी' की स्थापना करवाई इसके लिए उद्योग जगत से जुड़े लोगों, सामाजिक संगठनों दानदाताओं और भामाशाहों का सहयोग लिया गया इस तरह से अब तक करीब 170 सरकारी स्कूलों में इस नए प्रयोग से इस महिला कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी की स्थापना करवाई है जिसमें आधुनिक संचार साधनों और प्रशिक्षित लोगों की मदद से स्टूडेंटों को ई-मैगजीन तैयार करवाना सिखाया जाता है इसके अलावा इस आधुनिक लाइब्रेरी से बच्चों को विभिन्न विषयों पर नॉलेज दिया जाता है बच्चों को इस लाइब्रेरी के माध्यम से नई-नई जानकारियां और नई-नई बातें सिखाई जाती हैं जिससे बच्चों का ध्यान किसी दूसरी ओर डायवर्ट नहीं होता और वह अपने करियर को ब्राइट बनाने के लिए सजक और गंभीर रहने लगे हैं और पढ़ाई को काफी गंभीरता से लेने लगे हैं जिसका सीधा प्रभाव मेवात क्षेत्र के युवाओं में देखने को भी मिल रहा है अब मेवात क्षेत्र के युवा साइबर क्राइम या फिर अन्य अपराधी गतिविधियों में खुद को झोंकने के बजाय अपने करियर की ओर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं इसलिए मेवात क्षेत्र के युवा जो स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही जो पहले गो हत्या, गोकशी, साइबर क्राइम, हथियार तस्करी और अन्य अपराधी गतिविधियों में ज्यादा लिप्त हो जाया करते थे अब उनमें इस महिला जिला कलेक्टर के नवाचारू और मेहनत से युवाओं में जन जागृति का एक नया माहौल देखने को मिल रहा है और वे अपराध छोड़कर श्रेष्ठ नागरिक बनने का सपना ही नहीं पाल रहे बल्कि ई-लाइब्रेरी जैसे नवाचारों से खुद के भविष्य को ब्राइट बनाने के प्रयासों में जुटे हुए दिख रहे हैं ।

## वाटर हार्वेस्टिंग, सौर ऊर्जा संरक्षण, पौधारोपण, स्वच्छ वायु, महिला सुरक्षा और महिला कल्याण इत्यादि क्षेत्रों में गजब का हुआ कार्य

अर्तिका शुक्ला का अलवर जिले में पिछले करीब डेढ़ साल का कार्यकाल विभिन्न क्षेत्रों में काफी शानदार और लाजवाब रहा है एक तरफ केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करके अलवर के शहरी और ग्रामीण जिले के लोगों के जीवन में खुशियां लाई गई तो दूसरी तरफ भामाशाह और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का सहयोग लेकर अलवर के विकास को पंख लगाने का प्रयास किया वही वाटर हार्वेस्टिंग के क्षेत्र में उनके कार्यों की गूंज पूरे देश में सुनने को मिल रही है इन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग के तहत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर वर्षा के जल का संरक्षण करने के लिए छोटी-छोटी लागत पर छोटे-छोटे तालाबों का बड़ी संख्या में निर्माणकरवाया, पुरानी बावड़ियों की मरम्मत और सुधार के कार्य किया तथा जिले भर में जल उत्पन्न करने के स्रोतों को ढूंढने की दिशा में भी शानदार काम किया इन सब तरीकों से अलवर जिले में भूजल स्तर पहले की तुलना में काफी ऊंचा हुआ है और लोगों के अलावा पशुओं को भी स्थानीय स्तर पर समुचित पानी उपलब्ध होने लगा है इसीलिए इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने पर राष्ट्रपति महोदय की ओर से इन्हें सम्मानित किया गया इसके अलावा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी अलवर जिले में तेजी से कम को आगे बढ़ाया जा रहा है जिसमें अब तक 3500 सोलर पैनल लगाई जा चुके हैं इसके लिए बाकायदा जिला प्रशासन की ओर से शहरी और ग्रामीण इलाकों में विशेष शिविर का आयोजन करके लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को जिले में धरातल पर प्रभावी रूप से लाने के लिए इस महिला कलेक्टर की ओर से शानदार प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी अलवर तेजी से आगे बढ़ रहा है इसीलिए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अर्तिका शुक्ला को उनके शानदार काम के लिए सम्मानित किया इसी तरह से अलवर शहर में अब हर घर के सामने पेड़ लगाने की योजना पर भी अलवर जिला प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर काम शुरू किया जा रहा है हालांकि वृक्षारोपण के क्षेत्र में अलवर जिला काफी आगे है क्योंकि वन मंत्री संजय शर्मा खुद अलवर के रहने वाले हैं इसलिए अलवर जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में वृक्षारोपण का कार्य पहले से ही शानदार तरीके से संपादित हो रहा है लेकिन अर्तिका शुक्ला ने नवाचार करते हुए अब अलवर शहर में प्रत्येक घर के सामने पेड़ लगाने की योजना तैयार की गई है और करीब 1 लाख पेड़ लगाने की तैयारी चल रही है अलवर जिला दिल्ली एनसीआर से जुड़ा हुआ है इसलिए प्रदूषण यहां की हमेशा से गंभीर समस्या बना हुआ है लेकिन पिछले डेढ़ साल में अलवर में स्वच्छ वायु और प्रदूषण को कम करने की दिशा में भी अलवर जिलाधीश कार्यालय की ओर से शानदार काम किए गए कई तरह के बड़े कदम उठाए गए उसी का नतीजा रहा की पूरे देश में स्वच्छ वायु की रैंकिंग में अलवर को तीसरा स्थान मिला इसी तरह से महिलाओं की सुरक्षा के लिए शहर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइट लगाई गई है तथा अलवर के रोडवेज बस स्टैंड पर महिलाओं और छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों की सुरक्षा और देखभाल के लिए मॉडर्न बेबी सेंटर की स्थापना की गई है जिसमें बैठकर महिलाएं अपने छोटे बच्चों को बड़े आराम से दूध पिला सकती हैं और विश्राम कर सकती हैं इस तरह से ऐसे अनेक विशेष कार्य इस महिला कलेक्टर की ओर से संपादित किए गए हैं जिनकी वजह से अलवर एक अलग लुक में नजर आने लगा है ।

## अर्तिका शुक्ला का नवाचार पार्क लाइब्रेरी राजस्थानी नहीं बल्कि देश में बना चर्चा का विषय

*डिजिटल जमाने में डिजिटल तरीके से काम करने पर अर्तिका शुक्ला का शुरू से ही फोकस है अपनी सर्विस के शुरू के दिनों में ही एसडीएम पद पर रहते हुए सरकारी काम ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन तरीके से संपादित हो इस पर इन्होंने अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखा जिसमें अजमेर में एसडीएम पद पर रहते हुए इन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों का शानदार तरीके से डिजिटलकरण करके जिला प्रशासन के कार्यों में अपनी खुद की एक जबरदस्त अमिट छाप छोड़ी थी जिसके बदले इन्हें सम्मानित भी किया गया अब अलवर जिले में किताबों की दूरी को काम करने के मकसद से अलवर के बुद्ध विहार में पार्क लाइब्रेरी स्थापित की गई है जिसमें 5000 तरह की विभिन्न तरह की अलग-अलग विषयों पर श्रेष्ठ पुस्तक रखने की व्यवस्था की गई है पार्क लाइब्रेरी को बहुत ही शानदार और आकर्षक लुक दिया गया है जिसमें बैठकर पुस्तक के पढ़ने का एक अलग ही अपना मजा है इस कार्य में भी उद्योग जगत से जुड़े लोगों सामाजिक संगठन और भामाशाह का सहयोग लिया जा रहा है इसके अलावा जितनी भी मशहूर ज्ञानवर्धक पुस्तक बड़े-बड़े लेखक और बड़े-बड़े विषयों पर लिखी गई हैं उन्हें इस पार्क लाइब्रेरी में रखे जाने की योजना है इसलिए यह पार्क लाइब्रेरी अलवर के लोगों के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव और एक सकारात्मक ऊर्जा देने वाली ज्ञान की फैक्ट्री साबित होगी जो बच्चे युवा बुजुर्ग सभी को काफी प्रेरणा देगी ।*

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर लाइव प्रसारण

**झुंझुनूं(निस)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को जयपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय समारोह का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निखिल कुमार सहित बड़ी संख्या में विधार्थी उपस्थित रहे।

## डॉ.सोमदेव बंसल की गिरफ्तारी का जताया विरोध

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुजला ब्रांच की ओर से मंगलवार को जयपुर के एक निजी अस्पताल निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी के विरोध में सभी निजी अस्पताल-क्लिनकों के संपूर्ण चिकित्सा सेवाएं बंद रखी। आरजीएचएस सेवा भी स्थगित रखी। डॉ. सोनदेव बंसल की बिना शर्त तत्काल रिहाई करने व आरजीएचएस से संबंधित मामलों में आपराधिक कार्रवाई से पहले एक स्पष्ट व बाध्यकारी एसओपी लागू करने की मांग की। डॉक्टरों ने कहा कि जब तक आरजीएसएस से संबंधित समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक आरजीएचएस सेवाओं का स्थगन जारी रहेगा। अगर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो राज्य के चिकित्सा संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल सहित अनेक कदम उठाएंगे। अध्यक्ष डॉ. एसएन जांगिड़, सचिव डॉ. योगिता सक्सेना व संरक्षक डॉ. एसके छाबड़ा आदि ने जानकारी दी।

## शिविर में 42 यूनिट रक्त दान

**मंडावा(निस)।** लुमाश का बास के संकट मोचन बालाजी धाम के पास स्कूल के शिवजी के मंदिर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदान देने वाले दाताओं को अशोक कुमार जागिड़ व पवन कालेर ने हेलमेट देकर सम्मानित किया। इस पुनीत कार्य में 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है रक्तदान से नए ब्लड सेंस बनने लगते हैं हार्ट अटैक की संभावना कम होती है शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। इस शिविर में गांव की बेटी वंशिका कालेर ओर दीप्ति कालेर सगी बहनों ने भी अपना रक्त देकर समाज में मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि खून देना सबसे बड़ा धर्म होता है अपना जीवन ही दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए हुआ है इसलिए हमे रक्तदान आगे बढ़कर देना चाहिए। शिविर में विजेंद्र मेघवाल वाहिदपुरा की टीम अनुराग मेघवाल सी एच ओ विजय रॉयल सुखराम रॉयल आदि ने अंबेडकर जयंती पर लुमाश का बास ग्राम में आकर रक्तदान दिया। गांव के बुजुर्ग फूलचंद जागिड़ किशोर सिंह शेखावत, सुभाष झाझडिया, ओमप्रकाश दीप्ति कालेर, वंशिका कालेर झाझडिया , कमलेश गोदारा, विनोद सिंह शेखावत, मुकेश हुड्डा ,अनिल हुड्डा, सतीश बुगालिया, रमेश बिशु, अंकित हुड्डा आदि ने खून देकर पूरे आयोजन मेंअपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर में खून देने वाले दाताओं को यूनिट की ओर से प्रमाण पत्र ओर हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने कहा कि महान व्यक्तियों के सम्मान में किया गया खून जरूरत मंद के लिए वरदान साबित होगा।

## गंदगी के हालातः वार्ड-18 में नालियों का पानी सड़कों पर

### महावीर कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमराई

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** नगर पालिका सुमेरपुर के वार्ड संख्या 18 स्थित महावीर कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। यहां नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी, कीचड़ और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नालियों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।



### शिकायतें हुईं, समाधान नहीं:

मोहल्लेवासियों के अनुसार, सफाई कर्मियों की अनियमितता और निगरानी के अभाव में स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर नालियों की सफाई कर दी जाए तो इस स्थिति से बचा जा सकता है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

### गृह क्षेत्र में ही उठे सवाल:

गौरतलब है कि संबंधित क्षेत्र सुमेरपुर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का गृह क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में क्षेत्र की यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। हालांकि मंत्री स्तर पर समय-समय पर साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका प्रभाव नजर नहीं आ रहा। गौरतलब है कि 5 दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक नगर पालिका सभागार में रखी थी उस समय सख्त निर्देश दिए गए थे, लेकिन मंत्री के आदेश निर्देश हवा हवा हो गए हैं।

### स्वच्छता अभियान के दावे पर असर:

एक ओर जहां स्वच्छता को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की स्थिति इन प्रयासों की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तो ऐसी समस्याओं से निजात मिल सकती है।

### आंदोलन की चेतावनी:

मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार:**

फिलहाल इस मामले में नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है।

# बंगाल को चाहिए आर्थिक नवजागरण

*इससे कानून व्यवस्था भंग हुई और राज्य अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे और मझोले कारोबारों ने परेशान होकर बड़ी संख्या में पलायन शुरू किया। सत्तर का दशक आते-आते मजदूर संगठनों के सिंडिकेट बनने शुरू हुए, जिन्होंने बड़े उद्योगों को हड़तालों और घेराव से परेशान करना शुरू किया। उनके डर से नए पूंजी निवेशकों का आना तो दूर, पहले से जमे बड़े उद्योग घरानों ने भी कोलकाता से अपने कारोबार समेटने शुरू कर दिए। टाटा और बिड़ला के कारोबारी मुख्यालय मुंबई चले गए और एंबेसडर कार बनाने वाली हिंदुस्तान मोटर्स से लेकर डनलप टायर तक हुगली के किनारे लगे कारखाने एक-एक करके बंद होते गए। सत्तर का दशक दुनिया भर में मजदूर आंदोलनों का दशक था। भारत में कोलकाता ही नहीं, अहमदाबाद और मुंबई के कारखानों के मजदूर भी हड़ताल, घेराव और आंदोलन कर रहे थे। इसी दौर में बंगाल की जनता ने वाम मोर्चे को भारी जनादेश दिया और ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने। वे 23 साल मुख्यमंत्री रहे। उनकी और उनके बाद 11 साल तक मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकारों की प्राथमिकता निजी पूंजी निवेश को बढ़ावा देकर उद्योग और रोजगार पैदा करने और उससे बढ़े राजस्व को सामाजिक न्याय के कार्यों में लगाने के बजाय सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की रही। यह वही दौर था, जब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी माओ की*



स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था, भारत जो कल सोचता है उसे बंगाल आज सोच लेता है। उनकी यह उक्ति स्वतंत्रता के समय के पश्चिम बंगाल के लिए सटीक थी। बंगाल सांस्कृतिक और सामाजिक नवजागरण के साथ-साथ देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास का भी केंद्र था और कलकत्ता(अब कोलकाता) उसकी मुकुटमणि था। स्वतंत्रता के समय उद्योग और व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र कलकत्ता ही था, जिसकी जीडीपी शंघाई के बराबर थी और औसत आय उससे भी अधिक।

देश की एक चौथाई वस्तुओं का उत्पादन अकेले बंगाल में होता था और देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान बंगाल का ही था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद और खासकर साठ के दशक के बाद बंगाल और कलकत्ता की किस्मत ने ऐसी पलटी खाई कि आज इस राज्य में तीन प्रतिशत से भी कम वस्तुएं बनती हैं और जीडीपी में उसका योगदान घटकर केवल 5.6 प्रतिशत रह गया है। प्रति व्यक्ति आय में भी वह पहले स्थान से फिसलकर 21वें पायदान पर चला गया है। राज्यों के मानव विकास सूचकांक में भी वह 22वें से 25वें पायदान पर है। ओडिशा भी उससे आगे निकल चुका है। इस पतन का असली कारण बंगाल की राजनीति, आर्थिक विषमता और कानून व्यवस्था में छिपा है, जिसे राज्य सरकारों ने लगातार नजरअंदाज किया है।

बढ़ती आर्थिक विषमता के कारण साठ के दशक से ही नक्सलबाड़ी के हिंसक आंदोलन का दौर शुरू हो गया, जिस पर अंकुश लगाने में राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों विफल रहीं। इससे कानून व्यवस्था भंग हुई और राज्य अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे और मझोले कारोबारों ने परेशान होकर बड़ी संख्या में पलायन शुरू किया। सत्तर का दशक आते-आते मजदूर संगठनों के सिंडिकेट बनने शुरू हुए, जिन्होंने बड़े उद्योगों को हड़तालों और घेराव से परेशान करना शुरू किया। उनके डर से नए पूंजी निवेशकों का आना तो दूर, पहले से जमे बड़े उद्योग घरानों ने भी कोलकाता से अपने कारोबार समेटने शुरू कर दिए।

टाटा और बिड़ला के कारोबारी मुख्यालय मुंबई चले गए और एंबेसडर कार बनाने वाली हिंदुस्तान मोटर्स से लेकर डनलप टायर तक हुगली के किनारे लगे कारखाने एक-एक करके बंद होते गए। सत्तर का दशक दुनिया भर में मजदूर आंदोलनों का दशक था। भारत में कोलकाता ही नहीं, अहमदाबाद और मुंबई के कारखानों के मजदूर भी हड़ताल, घेराव और आंदोलन कर रहे थे। इसी दौर में बंगाल की जनता ने वाम मोर्चे को भारी जनादेश दिया और ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने। वे 23 साल मुख्यमंत्री रहे। उनकी और उनके बाद 11 साल तक मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकारों की प्राथमिकता निजी पूंजी निवेश को बढ़ावा देकर उद्योग और रोजगार पैदा करने और उससे बढ़े राजस्व को सामाजिक न्याय के कार्यों में लगाने के बजाय सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की रही।

यह वही दौर था, जब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी माओ की सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की नीतियों से हुई बर्बादी से सबक सीखकर विदेशी पूंजी निवेश से औद्योगीकरण की तरफ बढ़ रही थी। इसके दस साल बाद सोवियत संघ भी सत्तर साल की सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की नीतियों की नाकामी से भंग हुआ और रूस निजी उद्योगों की तरफ बढ़ा, लेकिन देश से एक दिन आगे देखने वाले बंगाल को यह सब दिखाई नहीं दिया। भुगतान संकट से विवश होकर भारत सरकार ने भी 1991 में आर्थिक उदारीकरण की नीतियां अपनाईं, जिनका लाभ उठाकर कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों ने तेजी से औद्योगीकरण शुरू किया, पर बंगाल के लोग पलायन करते कारोबारों और घटती औसत आय देखकर भी चुनाव-दर-चुनाव उन्हीं सरकारों को चुनते रहे, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रही थीं।

सात बार वाममोर्चा सरकारें चुनने के बाद बंगाल के लोगों ने 2011 में तृणमूल कांग्रेस को जनादेश दिया और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। यह स्पष्ट नहीं था कि उनकी पार्टी को उद्योगों को आकर्षित करने के लिए जनादेश मिला था या उन्हें राज्य से भगाने के लिए, क्योंकि बंगाल की राजनीति में उनका सिक्का ही टाटा उद्योग समूह को नैनो कार का कारखाना लगाने के लिए सिंगूर में दी गई जमीन के विरोध में भड़के आंदोलन का नेतृत्व करने की वजह से जमा था। ममता के 15 साल लंबे शासनकाल में भी राज्य से उद्योगों का पलायन जारी रहा और लगभग 6800 छोटी-बड़ी कंपनियों ने पलायन किया, जिसके कारण कर्ज का बोझ जीडीपी की तुलना में 38 प्रतिशत की सीमा पार कर गया। आज राज्य के बजट का 56 प्रतिशत केवल कर्ज का ब्याज चुकाने, वेतन और पेंशन देने में खर्च हो रहा है। बजट का 46 प्रतिशत जनकल्याण योजनाओं और वोट बैंक बनाने के लिए शुरू की गई लाभार्थी योजनाओं पर खर्च हो रहा है, जिसे कर्ज लेकर पूरा किया जाता है। इसलिए बुनियादी ढांचा सुधारने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के पास कुछ नहीं बचता। आर्थिक नीतियों में आमूलचूल सुधार किए बिना यह स्थिति बहुत लंबे समय तक नहीं चल सकती। बंगाल की भौगोलिक स्थिति बेजोड़ है। उसके पास देश का सबसे पुराना बंदरगाह है और पूर्वोत्तर भारत के साथ-साथ नेपाल और भूटान का समुद्री व्यापार भी उसी के जरिये होता है।

# आंबेडकर का जीवन ही उनका संदेश

*शिक्षा-उपाधियों के उनके कीर्तिमान अध्ययन की निरंतरता के ही परिणाम हैं। अन्यथा स्नातक का उनका परीक्षाफल एक औसत छात्र की छवि ही सामने लाता है। अपनी पैदायशी सुपरमैन वाली धारणा को उन्होंने अपने साक्षात्कारों में स्वयं ही तोड़ा। 13 अप्रैल, 1947 को 'साप्ताहिक नवयुग' में अपने साक्षात्कार में उन्होंने बताया था कि मेरी बीए में थोड़े ही अंकों से सेकेंड डिवीजन रह गई। इंटरमीडिएट में कुल 600 में 223 अंक ही आए थे। इस बाबत उन्होंने कहा था कि अगर कोई मेरे बीए तक के परीक्षा परिणाम देख कर भविष्यवाणी करता कि यह लड़का आगे चल कर इतनी उपलब्धियां प्राप्त करेगा तो उसे पागल करार दिया जाता। फिर भी उनके अध्ययन और लेखन का चुनाव, रिसर्च की गुणवत्ता और देश समाज के संदर्भ में उसकी उपयोगिता महत्वपूर्ण है। उनके शोध के निष्कर्षों की रोशनी में ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना*

महापुरुषों के क्रियाकलाप ही उनका संदेश होते हैं। यही कारण है कि लोग दुनिया के सभी शीर्ष नायकों के जीवन-वृत्तों में गहरी दिलचस्पी दर्शाते हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्ष के प्रति भी दुनिया में जिज्ञासुओं की संख्या बढ़ रही है। आज उनकी प्रासंगिकता पर विचार करें तो एक प्रचलित लोक कहावत याद आती है, 'काम सबको प्यारा होता है, चाम किसी को नहीं।' इसमें दो मत नहीं कि आंबेडकर भारत भूमि के महा कमेरे सपूत थे। उन्होंने जबसे होश संभाला, उत्तरोत्तर स्वयं को बौद्धिक श्रम की साधना में झोंकते चले गए। बड़ा विजन, बड़े सपने और फिर उनको हासिल करने के लिए सामर्थ्यवान बनने की निरंतर तत्परता की उनकी जैसी दूसरी मिसाल नहीं है। कबीरपंथी पिता सूबेदार रामजी ने उन्हें पहला पाठ पढ़ाया कि यदि तुम्हें अस्पृश्य-जातियों को सामाजिक गुलामी से मुक्ति दिलानी है तो ज्ञान की सत्ता से स्वयं को समर्थ बनाना होगा। ज्ञान से ही ज्ञान का जवाब दिया जा सकता है। सो पिता की मंशा समझ आई और पढ़ाई को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया, पर पढ़ाई के मार्ग में अस्पृश्यता और जाति-हिकारत कदम-कदम पर अवरोध खड़े कर रही थीं। ऐसे परिवेश में दसवीं पास कर लेने पर उनका सम्मान किया गया। वे अस्पृश्य समुदाय के दसवीं पास पहले विद्यार्थी थे। शिक्षा-उपाधियों के उनके कीर्तिमान अध्ययन की निरंतरता के ही परिणाम हैं। अन्यथा स्नातक का उनका परीक्षाफल एक औसत छात्र की छवि ही सामने लाता है। अपनी पैदायशी सुपरमैन वाली धारणा को उन्होंने अपने साक्षात्कारों में स्वयं ही तोड़ा। 13 अप्रैल, 1947 को 'साप्ताहिक नवयुग' में अपने साक्षात्कार में उन्होंने बताया था कि मेरी बीए में थोड़े ही अंकों से सेकेंड डिवीजन रह गई। इंटरमीडिएट में कुल 600 में 223 अंक ही आए थे। इस बाबत उन्होंने कहा था कि अगर कोई मेरे बीए तक के परीक्षा परिणाम देख कर भविष्यवाणी करता कि यह लड़का आगे चल कर इतनी उपलब्धियां प्राप्त करेगा तो उसे पागल करार दिया जाता। फिर भी उनके



अध्ययन और लेखन का चुनाव, रिसर्च की गुणवत्ता और देश समाज के संदर्भ में उसकी उपयोगिता महत्वपूर्ण है। उनके शोध के निष्कर्षों की रोशनी में ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार पाने वाले अमर्त्य सेन ने भी गरीबी को समझने के लिए डा. आंबेडकर के रिसर्च को श्रेय दिया था। राष्ट्रीय एकता को लेकर डॉ. आंबेडकर न केवल चिंतित रहते थे, बल्कि उन्होंने पंथ के आधार पर भारत विभाजन रोकने की सलाह भी दी थी। 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' पुस्तक लिखकर उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया भी था। जिन्ना को समझाया था कि एकता से हल निकालें, बंटवारा करा कर पछताएंगे। जिन्ना ने उन्हें अनसुना करते हुए कहा, 'मैं आपकी किताब पढ़ चुका हूं, डॉ. आंबेडकर यह आपकी राय है, हमारा फैसला नहीं है।' बाबा साहब दूरद्रष्टा थे। उन्होंने तभी बता दिया था कि विभाजन से स्थायी शांति और प्रगति स्थापित नहीं होगी। आधे मुसलमान भारत और आधे पाकिस्तान में, इससे समाधान नहीं होगा, परंतु उनकी किसी ने नहीं सुनी। भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर डॉ. आंबेडकर की शंकाएं सही साबित हुईं। आज भी दोनों में प्रेम, सहयोग, शांति और सद्भाव नहीं है। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को भारी धन-बल खर्च करने पड़ रहे हैं। पाकिस्तान भी जब तब हथियार भांजता रहता है। यदि दोनों देश अविभाजित होते तो युद्ध सामग्री पर खर्च होने वाली मोटी धनराशि देश के आर्थिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास पर खर्च होती है। अछूतों को आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से समर्थ बनाने के उद्देश्य से डॉ. आंबेडकर गोलमेज सम्मेलन से पृथक निर्वाचन का अधिकार लेकर आए।

# महिला आरक्षण की पहल

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि यह इस सदी के महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। पहले यह अधिनियम नई जनगणना के बाद लागू होना था, पर उसमें देरी के चलते सरकार ने इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने का निर्णय किया। इस पर आपत्ति जताई जा रही है, पर इस आपत्ति को महत्व देने से अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा, क्योंकि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनने वाले परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने में समय



लगता और तब तक 2029 के आम चुनाव हो जाते। इसी कारण इस अधिनियम में संशोधन करने हेतु संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह सत्र विधानसभा चुनावों के बीच बुलाया जा रहा है, इसलिए कई विपक्षी दलों को यह रास नहीं रहा है। कई विपक्षी नेताओं की मानें तो बीती जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण लागू करने से कुछ राज्यों के राजनीतिक हितों की अनदेखी हो सकती है और लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। फिलहाल इस आशंका का कोई पुष्ट आधार नहीं। ध्यान रहे प्रधानमंत्री कई बार यह कह चुके हैं कि महिला आरक्षण के चलते सीटें बढ़ने से किसी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा। ऐसे में अच्छा यह होगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधित प्रारूप सामने आने के बाद ही सवाल और संदेह खड़े किए जाएं। समस्या यह है कि मोदी सरकार कोई भी पहल करती है तो विपक्ष तत्काल उसकी नीयत पर सवाल खड़े करने लगता है। आलोचना-निंदा अनुमान और आशंका के आधार पर नहीं होनी चाहिए। विपक्ष का यह कथन निराधार तो नहीं कि सरकार इस समय महिला आरक्षण लागू कराने वाली पहल से अपने राजनीतिक हित साधना चाहती है, लेकिन आम तौर पर सरकारों और दलों के तो हर फैसले राजनीतिक हित ध्यान में रखकर ही लिए जाते हैं। यदि महिला आरक्षण को अगले लोकसभा चुनाव में लागू करने वाली पहल सफल होती है तो ऐसा विपक्ष के समर्थन से ही संभव होगा।

# संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती मनाई, उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प


तारानगर।



रतनगढ़।


जालोर।


सरदारशहर।


सरदारशहर।


सरदारशहर।


बीदासर।



बीदासर।


चौमूं।


विराटनगर।


सांगानेर।


चौमूं।


चौमूं।


धौलपुर।


चूरू।

जयपुर टाइम्स

**तारानगर।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के मुख्यतिथ्य व प्रशासक दर्शना देवी मेघवाल की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के गाँव पण्डरेऊ टिब्बा में सविंधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। सादुलपुर की पूर्व विधायका कमला कस्वां कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रही। उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आसपास के गाँवों की सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा कि बाबा साहब ने ऊंच नीच का भेदभाव मिटाकर सभी को समानता का अधिकार दिलाने काम किया है इसलिए समानता, सामाजिक, न्याय और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इनको याद किया जाता है, बाबा साहब की जितनी उपमा की जाए उतनी ही कम है इसलिए हमें इनके बताये पदचिन्हो पर चलना चाहिए। कमला कस्वां ने कहा आज के दौर में शिक्षा का अत्यधिक महत्व है शिक्षा के बिना इंसान अधूरा है बाबा साहेब की काफी डिग्री हासिल की हुई थी। आज हम सब बराबर बैठते है ये बाबा साहब की ही देन है बाबा साहब ने काफी कुरुतियों को समाप्त किया था। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दौलत राम मेघवाल ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। धर्मपाल दईया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर, मोहरसिंह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, मास्टर प्रताप मेघवाल, दानाराम मेघवाल, एडवोकेट राकेश सांगवान, एसआई सत्य प्रकाश जांगिड़, मोहरसिंह धाणक, दारासिंह शिला, जुगलाल बरोड़, भानीराम, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण दलीप खाँ, भूपसिँह, लिछमण टिटानिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**रतनगढ़।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर रतनगढ़ में विशाल रैली व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व सर्व सनातन समाज की ओर से जानकीनाथ मंदिर, अशोक स्तंभ के पास शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक सत्यनारायण सेवदा ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय सनातन संस्कृति के पोषक, महान समाज सुधारक और आधुनिक भारत के आधार स्तंभ थे। उन्होंने जीवनभर समाज में समानता, एकता और बंधुत्व को स्थापित करने का कार्य किया तथा गरीब व पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। परिषद के प्रखंड सह मंत्री रामदेव चंदनिया ने कहा कि परिषद का उद्देश्य सनातन समाज के सभी वर्गों को स्नेह, सौहार्द और एकता के सूत्र में बांधे रखना है। बाबा साहेब की जयंती पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल परिवार ने भारतीय संस्कृति की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर हरिराम कड़ेल, विनोद शर्मा, वासुदेव चाकलान, सुरेंद्र चुलेट, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, पुजारी रामावतार लाटा, अनिल लाटा, उम्मेद मिश्रा, महेन्द्र कुमार शर्मा गार्ड, जयकांत बिंवाल, नीरसागर कौशिक, श्याम सुंदर भोजक, यशोदा शर्मा, गोपी चौमाल, सरिता चांडक, ललित मोहन शास्त्री, पवन पीपलवा, सुमित बजरंगी, पवन महर्षि, मोहनलाल सुथार, इंद्रचंद जाट, राहुल, सुभाष त्रिवेदी, गोपाल कृष्ण रांकावत, विजय नौहाल, प्रमोद शर्मा, ओम मनोहर स्वामी, रमाकांत रूंथला तथा जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

**जालोर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार सुबह 10 बजे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसियो ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही सभी कांग्रेसजन ने उनको याद करते हुए उनके बताए गए मार्गों व आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पीरसिंह मालपुरा, लक्ष्मण सिंह सांखला, गीताश्री मेघवाल, महेन्द्र सोनगरा, मिश्रीमल गहलोत, जोगाराम सरगरा, कृष्ण कुमार वनिका, कालूराम मेघवाल, बंशीलाल माली, पुखराज माली, ओमप्रकाश चौधरी, ईश्वर सिंह बालावत, मनीष विश्नोई सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** शहर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को सरदारशहर में ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा व बाइक रैली का आयोजन किया गया। कामगार समाज के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिससे पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। कार्यक्रम का आगाज स्थानीय ताल मैदान से एक विशाल रैली के रूप में हुआ। हाथों में नीले झंडे और बाबा साहेब के चित्र लिए हजारों युवाओं, बुजुर्गों और प्रबुद्ध नागरिकों ने जय भीम के नारों से आकाश गुंजायमान कर दिया। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों घंटाघर, तहसील परिसर और कच्चा बस स्टैंड से होती हुई अम्बेडकर वाटिका, अशोक स्तम्भ पर पहुंची। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। अशोक स्तम्भ स्थित अंबेडकर वाटिका में आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। अन्य वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वह शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज की कुरीतियों को मिटाने में योगदान दें। समारोह में मुरलीधर सैनी, जगदीश धनावंशी, श्रवण चिरानिया, राकेश किलानिया, ओमप्रकाश दानोदिया, रामकृष्ण छींपा, अशोक मेहरा, खींवाराम नायक, गुरु धानका, रामनिवास मीणा, बनवारी लाल सुथार, दीपक वाल्मीकि, भानुप्रकाश दानोदिया, एलडी दानोदिया, सम्पतराम जांगिड़, सुमेरमल धानका, श्री राम प्रजापत, अरविन्द लावा, सुरजीत मौनपुरिया, रामावतार जांगिड़, रामनिवास मीणा, महावीर सैनी, मुकेश भामा, अशोक धौलपुरिया सहित कामगार समाज के अनेक पदाधिकारी व लोग मंचस्थ रहे। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए इस आयोजन के अंत में उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहेब के बताए मार्ग शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन ने शहर में सामाजिक समरसता और एकता का एक मजबूत संदेश प्रवाहित किया। इस अवसर पर बाबूलाल प्रजापत, ओमप्रकाश बायला, आसाराम, खेताराम, अशोक सामरिया, सतवीर सामरिया, राजूराम, भींवराज पाटोदिया, मुरारी सांडेला, भगवती सांडेला, महावीर सांडेला, अर्पित, हर्ष, संजय, प्रेम सामरिया, अनिल चिरानिया, भादरमल जांगिड़, गिरधारी स्वामी, डूंगर नायक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

**सरदारशहर।** शहर के निकटवर्ती ग्राम बरड़ासर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती अम्बेडकर भवन में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में दो महिलाओं मोनिका मेव व राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम संदीपा बसेरा सहित 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह राजकीय डीबी चिकित्सालय चूरू की डॉ सरिता की दस सदस्यीय टीम ने किया। इस अवसर पर ग्राम के युवा, बुजुर्ग, महिला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडासर के रूपाराम मेव प्रधानाचार्य व अतिथि के रूप में किशोर सिंह राठौड़ व नेत्रदान व रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक गणेशदास स्वामी ने सभी रक्तदाताओं व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

**सरदारशहर।** शहर के विधायक अनिल शर्मा के निवास पर कांग्रेस कार्यालय में शहर ब्लॉक व देहात ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज सुधार में अनेकों कार्य किए। उन्होंने संविधान में मौलिक अधिकार दिलाएं व देश हित में व समाज हित में अपना सर्वोत्तम योगदान दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महावीर माली, मदनसिंह निर्वाण, मनफूल खान फौजी, उमरदीन सैयद, फारुख व्यापारी, ओमप्रकाश नाई, अशोक मेहरा, नूर मोहम्मद, ताराचंद सैनी, राकेश मेघवाल, परतुराम मेघवाल, जगदीश धनावंशी, संजय दीक्षित, शेरा बिसायती, गणेश मेघवाल, मोतीलाल जाखड़, नवाब खान, किशन मेघवाल, गौरव कुरील, रामलाल सारण, लालबहादुर सेवदा, गजेंद्र सिंह शेखावत, रिजवान सैयद, मदनलाल सुथार, रेखाराम हरितवाल, जगदीश स्वामी, गोपाल बिजारणियां, आरिफ काजी, मानवेन्द्र सिंह भाटी, प्रकाश सिंह, वासुदेव शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बीदासर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को बीदासर कस्बे में भव्य रैली और विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंबेडकर सेवा समिति व अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। रैली की शुरुआत दड़ीबा स्थित खाखी जी चौक के मेघवाल पंचायत भवन से हुई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों–गांगामाई मन्दिर, अंबेडकर भवन, मेघवाल बस्ती और वाल्मीकि कॉलोनी बैरी चौक से होती हुई सेठ दुलीचंद सेठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद हनुमान मल रेगर थे, जबकि अध्यक्षता बाबूलाल गुसांईवाल (ठेकेदार) ने की। इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष गोविंद राम मेघवाल और पंकज बौद्ध ने मंचासीन अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अंबेडकर समिति के अध्यक्ष मेघराज गुसाईवाल, पुनाराम मेघवाल, पवन मोसलपुरिया, नवलकिशोर मीणा, जीवणराम दहिया और प्रभुराम सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

**बीदासर।** मेहरडा बास वार्ड नंबर 33 स्थित सामुदायिक भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा एससी मोर्चा बीदासर की ओर से हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन हुकमाराम रैगर ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष संच्चियालाल बैद, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मचंद सोनी, जिला प्रवक्ता अरुण तिवारी, वरिष्ठ नेता गुलाम रसूल बल्खी व मणिराम गर्ग का सानिध्य रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर एससी जिला मंत्री घासीराम मेघवाल, एससी मोर्चा बीदासर अध्यक्ष मघराज वाल्मिकी, मंडल महामंत्री गोपालाराम छापोला, परमानन्द तेजस्वी, जुल्फिकार रिणिवाल, दानमल बांठिया, विमल टेलर, हुकमचंद सिंघी, राजकुमार राठी, पार्षद मांगीलाल प्रजापत, पार्षद नगर मंत्री सांवरमल सैन, नगर मंत्री ओमप्रकाश मेघवाल, सुभाष तेजस्वी, बाबुलाल रैगर, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश दर्जी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा एडवोकेट अरविन्द चौधरी, नगरपालिका विधि सलाहकार एड. आरती डुंखवाल, सज्जन चोटिया, एड. रजत राज शर्मा, नोरतमल प्रजापत, लक्ष्मण बावरी, युवराज चौहान, प्रेमचंद चौहान, सुरेन्द्र सुथार, करणीराम माली, बनवारी नायक, अमित कुमार, रामावतार प्रजापत, पूनाराम, संतोकाराम, गिरधारी, पूनमचंद, राजेश कुमार, लक्ष्मी नारायण, हेमाराम, रामस्वरूप भाट, निवाज मोहम्मद, ताराचंद, श्रवणराम, प्रकाश, शिवप्रसाद, भीकाराम, गणपत राठौड़, अमरचंद, राजूराम, दिव्य कुमार, सुरेश कुमार, प्रेमचंद सहित अनेक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनकी ओर से किए गए सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री गोपालाराम छापोला ने किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**चौमूं।** संविधान निर्माता महान समाज सुधारक व भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर विधायक कांग्रेस कार्यालय चौमूं में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. शिखा मील बराला के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष सायरमल सैनी, पीसीसी सदस्य महेंद्र लाम्बा, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमावत, पर्यावरण प्रकोष्ठ ज़िलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) के प्रदेश सचिव अशोक रच्छौया, घनश्याम बुटोलिया, पार्षद रमेश चंद सैनी, लालचंद गोरा, मनीष बागोरिया, डॉ. जे.पी. अटल, कैलाश बुटोलिया, राकेश वर्मा, रवींद्र सिंह नाथावत, शहजाद लोहानी, मुन्ना पठान, मोनू सेन, सत्यनारायण शर्मा, हनुमान सहाय बुनकर, कपिल झाझड़ा, राजकुमार मीणा, महेंद्र मीणा सहित कांग्रेस संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**विराटनगर।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान के ग्राम बनीपार्क में अंबेडकर विचार मंच समिति के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा नवचयनित सरकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच भगीरथ मल यादव रहे, जबकि अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बनवारी लाल उपस्थित रहे।इस अवसर पर रामावतार कांवरिया, भगवान सहाय, ओमप्रकाश बुनकर, अशोक कक्कड़, बलवीर बुनकर, सुरेश बुनकर, देशराज बुनकर सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

**सांगानेर।** पंचायत समिति सांगानेर क्षेत्र की वाटिका नगर पालिका में मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय, समानता और एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज को प्रेरित करता है। महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान में उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। समिति अध्यक्ष मुकेश बैरवा (पार्षद, वाटिका) की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं के 70 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, डॉ. अम्बेडकर की जीवन शैली से जुड़ी पुस्तकें व तस्वीरें भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय लाल बैरवा ने किया। इस अवसर पर गोवर्धन मीणा, श्रीनारायण चौधरी, मोहनलाल बेरवा, डॉ. सरल बेरवा, विष्णु पहाड़िया, मांगीलाल देवतवाल, समिति सचिव आशीष मेहरा, कोषाध्यक्ष चिरंजीलाल बेनीवाल, जीतू देवतवाल, प्रकाश चंद, शिवजीराम, युवराज तिमोली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**चौमूं।** ग्राम सिंगोद खुर्द स्थित अंबेडकर भवन में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर अंबेडकर नवयुवक मंडल सिंगोद खुर्द के तत्वावधान में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे और उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सरपंच त्रिलोक लोच्छिब ने की। उन्होंने कहा कि जयंती के अवसर पर रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, जाट महासभा तहसील चौमूं आमेर के पूर्व अध्यक्ष पवन चौपड़ा भाजपा मंडल गोविंदगढ़ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच सरदार सिंह जाखड़, उपसरपंच कल्याण सिंह, सज्जन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, इंस्पायर अवार्ड में चयनित प्रतिभाओं, खेलकूद में उत्कृष्ट खिलाड़ियों तथा रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

**चौमूं।** शहर के खटीक समाज सभा स्थल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर संत श्री दुर्बल नाथ खटीक समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड चौमूं की ओर से केक काटकर बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिनेश बागोरिया ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शंकर बागोरिया, गिरिराज बागोरिया, सत्यनारायण गंगवाल, गुलाबचंद बागोरिया, गोपाल बागोरिया, मनोज बागोरिया, पूरण बाबा, भंवरलाल गंगवाल, मोहम्मद अमीन मनिहार, राजेश कुमार वर्मा, महेंद्र बागोरिया, घनश्याम बुटोलिया, मनोज बागोरिया, भवानी शंकर आसीवाल, दीपक बागोरिया, सुरेश बुटोलिया, मुकेश गंगवाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। इस मोके पर डॉ अंबेडकर शिक्षा सदन में अध्यनरत बालक बालिकाओं के साथ शिक्षा सदन संचालक जगदीश प्रसाद बागोरिया ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर केक काटकर और उनके विचारों को बच्चों के साथ साझा कर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

**धौलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किए गए। मुख्य समारोह में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने उनके जीवन को शिक्षा, संघर्ष और संगठन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण बताया तथा वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका अतुल्य रही है और भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में विभिन्न देशों के श्रेष्ठ प्रावधानों के साथ भारत की सांस्कृतिक व दार्शनिक परंपराओं का समावेश है। उन्होंने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और वीर सावरकर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम में नागेश रामपुरिया, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा हिमांशी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर कार्यक्रम को विशेष प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर सीएमएचओ धर्मसिंह मीना, डीईओ सुखो देवी, आईसीडीएस उपनिदेशक भूपेश गर्ग, सहायक निदेशक राजकुमार मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया, जबकि अंत में समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**चूरू।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, अनूपगढ़ के पूर्व विधायक संतोष बावरी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान व देश के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस दौरान विधायक सहारण ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज का दिन हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समर्पण का प्रतीक है। डॉ. अंबेडकर का संविधान आज भी देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है और यह हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है। हमें बाबा साहेब के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर संविधान के मूल्यों को समझना चाहिए। इस दौरान अनूपगढ़ के पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ भागचंद खारिया, एसडीएम सुनील कुमार, डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह, विक्रम कोटवाद, सुरेश सारस्वत, सीताराम लुगरिया, अजीत मेघवाल, नरेंद्र कंवल, गिरिराज सिंह, मोहन गढ़वाल, धर्मेंद्र राकसिया, भंवरलाल गुर्जर, गोपाल बालाण, नितिन हटवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांवता राम बरोड़ ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और उपस्थित सभी ने संवैधानिक आदर्शों को अपनाने और मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

# संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती मनाई, उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प






















जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेड़कर की 135 वी जयंती मंगलवार को मण्डावा कस्बे में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चौक से शोभायात्रा - रैली रवाना हुई जो मुख्य बाजार, सुभाष चौक व बिसाऊ चौराहे होते हुए डा0 अम्बेड़कर - भवन पंहुची वहां लोगों ने डा अम्बेड़कर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर नमन किया। यह शोभायात्रा डॉ .अम्बेड़कर भवन में पंहुचने के बाद यहां एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गई। यात्रा में सुसज्जित रथ पर डॉ. अंबेडकर की आकर्षक झांकी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर सीआई महेन्द्र चावला, सरपंच मुकेश झाझड़िया, हरदयाल काला, एचपी रैगर, डॉ0 एनके नेमीवाल, मनीषा मोर्य , पटवारी विजय काला, चिरंजीलाल नायक, दिनेश काला, संदीप परिहार, जगदीश महरिया, मांगीलाल दैया, श्रवण महरिया, रामेश्वर रामगढ़ीया सहित हजारों की संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन एक सभा के साथ हुआ , जहां डा. अंबेडकर के विचारों को जन - जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

**झुंझुनूं।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर रैगर सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 16 में रैगर युवा विकास मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलचंद गहन (सेवानिवृत्त अध्यापक) ने की। मुख्य अतिथि नानूराम गहन (महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चूरू) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मदनलाल गहन (सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग) रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कक्षा 5, 8,




10 एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, नवनियुक्त एवं पदोन्नत कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नानकचंद गहन व नरेन्द्र फुलवारिया ने किया। इस अवसर पर नवनियुक्त आईएएस डॉ. मनोज तानेनिया, मंगलचंद खन्ना, मनोहर बकोलिया, रामजीलाल फुलवारिया, रामजीलाल सैनी, मंगलचंद सैनी (सेवानिवृत्त तहसीलदार), सुभाष फुलवा (अध्यापक), रामदेव खन्ना (नर्सिंग ऑफिसर), किशोरीलाल गहन, समाजसेवी रामनिवास सिंह बड़ागांव, रतनलाल (सीनियर अध्यापक), प्रिंसिपल मानसिंह सहित सर्वसमाज के लोग उपस्थित रहे।

**लक्ष्मणगढ़।** ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी लक्ष्मणगढ़ की ओर से मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता व न्याय का प्रतीक है। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसे देश हमेशा याद रखेगा।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिहाग, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पवन बुटोलिया, शहर पूर्वी कांग्रेस अध्यक्ष पवन सैनी, पश्चिमी कांग्रेस अध्यक्ष चांद खां, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कुरडाराम धाभाई, मुकेश झाझोटिया, राजकुमार राड़, धनप्रकाश मोदी, जाफर, शुभकरण बिंवाल, बाबूलाल तंवर, मनोज ढिकिया, सायर सिंह शेखावत, भंवरलाल जमादार, बीरबल जाखड़, ताज मोहम्मद खीरवा, अर्जुन सिंह खुड़ी, परमेश्वर राजपुरा व विकास पूनिया सहित कई कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

**चूरू।** आदर्श छात्रावास समिति व ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय आदर्श छात्रावास में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के सैकड़ों प्रबुद्धजन, युवा व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने की। इस अवसर पर वंदना आर्य ने कहा कि बाबा साहेब के विचार वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने शिक्षा, समानता व सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर आदर्श छात्रावास के अध्यक्ष मोहनलाल आर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष गिरधारी लाल तंवर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सुधार का अद्वितीय उदाहरण है। वरिष्ठ अधिवक्ता आसाराम सैनी ने बाबा साहेब के संवैधानिक योगदान व सामाजिक परिवर्तन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामेश्वर प्रजापत, श्रवण बसेर, कन्हैयालाल मेघवाल, नरपत मेघवाल, चंद्रमोहन सैनी, रामरतन सिहाग, भूराराम भाटिया, जयचंद बरोड़, डॉ. अशोक शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता, शिक्षा व भाईचारे को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन सांवरमल बरोड़ ने किया।

**राजलदेसर।** कस्बे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर प्रतिमा अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुनमचंद गर्ग ने की, जबकि मुख्य अतिथि रवि शेखर मेघवाल (राष्ट्रीय महामंत्री, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ) व संतोष मेघवाल (प्रधान, पंचायत समिति बीदासर) रहे। विशिष्ट अतिथियों में कानाराम, भानीराम मेघवाल (ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनगढ़), सुगनचंद मंडार, देवीलाल मेघवाल (प्रशासक जेगणिया बिदावतान), गिरधारीलाल काटिवाल, श्रवण कुमार, ख्यालीराम सेवलिया, परमेश्वरलाल (प्रशासक सिमसिया), पुष्पलता मंडार, संजय कुमार, एएसआई चन्द्रप्रकाश बारूपाल, मोतीलाल, ललित राठौड़ एवं केसरदास महाराज शामिल रहे। अतिथियों ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तिलोकचंद को भीम आर्मी एकता मिशन की राजलदेसर इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में पुनमचंद गर्ग ने स्थल पर एक कक्ष निर्माण की घोषणा की, वहीं भानीराम मेघवाल ने प्रतिमा पर टिन शेड निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्य अतिथि रवि शेखर मेघवाल ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। प्रशासक देवीलाल मेघवाल ने नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जीतूराम मेघवाल ने किया। इस अवसर पर कस्बे के नागरिकों सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**सुजानगढ़।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी सुजानगढ़ के नेतृत्व में विशाल रैली और बैठक का आयोजन किया गया। रैली नए बस डिपो से शहर के मुख्य मार्गो से अम्बेडकर भवन दुलिया बास में पहुंची। रैली में विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, डॉ अंबेडकर मोमोरियल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रतनलाल नायक, केशवदास महाराज, संजय आर्य, बाबूलाल कुलदीप, गंगाधर लाखन, डॉ शंकर जिलोया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, खुशीराम चांदरा, डॉ अमृता चौधरी, सूरजाराम डाबरिया, हंसराज नायक,धर्मसिंह मीणा, निखिल आर्य, मिलाप लाखन, विश्वजीत बारसा, दीपाराम सांडेला, मनोहर नायक, किशनलाल मेघवाल, ईश्वर सिंह मेघवाल, श्रवण मेघवाल सहित बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। रैली का अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सदस्यों ने अम्बेडकर जयन्ती की रैली पर की पुष्प वर्षा की। प्रदेश विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड, उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, एसीबीओ रणजीत सिंह भींचर, प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा, व्याख्याता अशोक कुमार, अब्दुल सत्तार पड़िहार, जीवणदान देवल, धनराज सिंगोदिया, लक्ष्मण कुमार खत्री, गोवर्धन लाल जान्दू, रंजन अत्रि, अजय सैनिक, हरिकेश वर्मा, विशनाराम देवड़ा, पूनमचन्द रेगर आदि शिक्षकों ने पुष्पवर्षा को।

**राजलदेसर।** कस्बे में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और शोभायात्रा निकाली गई। रैली में जय भीम के नारों से आसमान गुंजायमान हो गया। अगुणा बास से निकली रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होकर आथुणा बास तक गई। जहां कस्बे के सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा जलपान कर स्वागत किया। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आथुणा बास में पालिका उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश घिटाला ने जलपान करवाया।

**अलवर।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा अम्बेडकर सर्किल, अलवर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर टीकाजूली ने कहा कि हम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता एवं संविधानिक मूल्यों पर आधारित विचारों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान समस्त कांग्रेसजनों एवं उपस्थित आमजन द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया गया तथा संविधान की रक्षा और उसके मूल्यों को सशक्त बनाए रखने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर अजीत यादव, गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, योगेश मिश्रा, गोपाल दास, दीनबन्धु शर्मा, विश्राम गुर्जर, कमलेश सैनी, शशिकला, मुकेश सारवान, सुनीता शर्मा, हरिशंकर रावत, प्रीतम मेहंदीरत्ता, जयदीप आर्यन, रमन सैनी, नरेंद्र मीणा, रिपुदमन गुप्ता, हिमांशु शर्मा, सुरेश पूँछरी, नारायण साईवाल, रवि मीना, संदीप सैनी, एस आर यादव, दशरथ सिंह, राहुल पटेल, प्रेम पटेल, सुरेंद्र बागड़ी, जमशेद खान, प्रशान्त राजा, सुदर्शन अरोड़ा, रामकिशन थानेदार सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला से छेड़छाड़ के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला से छेड़छाड़ की घटना को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने मंगलवार को थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। महिला कांग्रेस की ओर से शहर अध्यक्ष मंजूलता मीणा, उपाध्यक्ष



शकुंतला वर्मा एवं महासचिव रेखा वाल्मीकि सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं, विशेषकर जब पीड़िता गर्भवती हो। महिला कांग्रेस प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने तथा क्षेत्र में महिला सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग उठाई। पुलिस अधिकारियों ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले में जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## डॉ. अम्बेडकर ने दिया सामाजिक समरसता और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश: राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** हरिभाऊ बागडे ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र देने के साथ ही 'राष्ट्र सर्वोपरि' की दृष्टि भी प्रदान की। राज्यपाल मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संस्कृति में रचे-बसे मूल्यों से जुड़े महामना थे और उन्होंने अपने विचारों व कर्मों से समाज को नई दिशा दी। बागडे ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा देश-दुनिया के कानूनों के अध्ययन में लगाया और उसी के आधार पर भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को महान संविधान प्रदान किया। उन्होंने वंचित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन कार्य किया और समाज में समानता व एकता का संदेश दिया। उन्होंने बाबा साहेब के 1938 के उस विचार को भी स्मरण किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'सभी लोग पहले और अंततः भारतीय हों।' राज्यपाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार उस




राष्ट्रवाद से जुड़े हैं, जिसमें जाति, वर्ग, धर्म या वर्ण के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा और जागरूकता को सबसे बड़ा हथियार माना और 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश दिया। उन्होंने देश में रोजगार केंद्रों की स्थापना, दामोदर घाटी, हीराकुंड और सोन जैसी परियोजनाओं में उनके योगदान को भी याद किया। अंत में राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि वे डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाकर समाज में समरसता, समानता और राष्ट्रहित की भावना को मजबूत करें।

## खरीफ 2026 के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई: कृषि मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार ने खरीफ 2026 सीजन को देखते हुए प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी है। साथ ही उर्वरकों के अवैध भंडारण, डायवर्जन और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि 13 अप्रैल तक राज्य में सहकारी व निजी क्षेत्र में 3.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 71 हजार मीट्रिक टन डीएपी, 67 हजार मीट्रिक टन एनपीके तथा 2.13 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति लगातार जारी है। उन्होंने किसानों से कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, सरकार उर्वरकों की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से 29 मार्च से गुण नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है तथा 11 अप्रैल से विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में उर्वरक विक्रेताओं, औद्योगिक इकाइयों और गोदामों पर औचक निरीक्षण व छापेमारी की जा रही है। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल के नेतृत्व में कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर यूरिया के दुरुपयोग की आशंका को लेकर कार्रवाई की गई। इस दौरान 2793 निरीक्षण किए गए, जिनमें 437 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस, 23




के विक्रय पर रोक, 38 लाइसेंस निलंबित तथा एक मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रमुख शासन सचिव कृषि व उद्यानिकी मंजू राजपाल ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उर्वरकों का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए और कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक उपयोग, हरी खाद, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाए। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे बुवाई के समय आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदें और रासायनिक उर्वरकों के साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को भी अपनाएं।

## एक जमीन की दो बार रजिस्ट्री 2 साल से फरार आरोपी पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जमीन एक, खरीदार दो, रजिस्ट्री भी दो बार। फागी इलाके में सामने आई इस चौंकाने वाली ठगी में शातिर आरोपी कन्हैयालाल ने ऐसा खेल खेला कि दोनों पक्षों को भनक तक नहीं लगी। करीब 2 साल तक फरार रहने के बाद आखिरकार फागी थाना पुलिस ने उसे दबोच लिया। शातिर कन्हैयालाल ने कागजों की चालाकी से एक ही जमीन दो बार बेचकर दोनों पक्षों को चूना लगाया। पहली बार सांगानेर तहसील में रजिस्ट्री करवाई। फिर दूसरी बार फागी तहसील में रजिस्ट्री करवा कर लाखों रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के अनुसार, पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी कन्हैयालाल (36) पुत्र रामलाल बैरवा, निवासी वाटिका सांगानेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ग्राम मण्डोर स्थित अपनी जमीन पहले मीरा देवी व उनके परिजनों को बेच दी। सांगानेर तहसील में रजिस्ट्री करवा दी। इसके बाद उसी जमीन को दोबारा रामजीलाल बैरवा को बेच दिया। फागी तहसील में रजिस्ट्री करवा दी, जहां नामांतरण भी खुल गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण 2024 के तहत धारा 420, 467, 468, 471 व 120-बी आईपीसी में केस दर्ज कर जांच शुरू की। ऐसे खुला पूरा खेल : वृत के पुलिस उपाधीक्षक अनिल डोरिया ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि जब पहली खरीदार मीरा देवी नामांतरण के लिए फागी तहसील पहुंचीं, तब सामने आया कि जमीन पहले ही किसी और के नाम दर्ज हो चुकी है। जांच में साफ हुआ कि कन्हैयालाल ने एक ही जमीन दो अलग-अलग लोगों को बेचकर दोनों से रकम ऐंठ ली।

## सरकारी स्कूल में प्रवेश उत्सवः 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय वार्ड नं.6 चौमूं की ओर से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव को लेकर स्थानीय विद्यालय के समस्त स्टाफ़ सदस्यों व विद्यार्थियों की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। जिसे प्रधानाचार्य शंकर लाल जांगिड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ढोल नगाड़े और डीजे के माध्यम से पक्का बंधा, कुम्हारों का मोहल्ला, इमाम चौक, जाटों का मोहल्ला, हनुमान जी का रास्ता,




कैलाश विहार, गणेश गार्डन के रास्ते होते हुए विद्यार्थियों ने राज्य सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पैम्पलेट का वितरण किया गया। विद्यार्थी प्रवेशोत्सव से संबंधित स्लोगन और तख्तियां भी साथ लिए हुए थे। अभिभावकों की ओर से भी फूल मालाओं से बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों, छात्र छात्राओं व स्टाफ़ सदस्यों का भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा की गयी। बुद्धि प्रकाश सैनी की ओर से रैली में छात्र छात्राओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों ने अपने संस्मरण भी साझा किए। टॉपर विद्यार्थियों को मोमेंटो और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर कृष्णा यादव और सुमित्रा जाट ने विद्यार्थियों को शुद्ध और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी। अंत में कृष्ण भोग के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी, अभिभावक व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आज़ाद हिन्द फ़ौज दिवस पर कार्यक्रम, युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आज़ाद हिन्द फ़ौज दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत सेठिया (सह संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जयपुर प्रांत) एवं अध्यक्षता कमांडर बनवारीलाल (प्रदेश महासचिव) ने की। परिषद के जयपुर प्रांत सचिव जेडब्ल्यूओ डाल सिंह शेखावत ने अतिथियों का परिचय कराया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एन.एम. शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। कमांडर बनवारीलाल ने परिषद की गतिविधियों और युवाओं के लिए सेना में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी तथा कहा कि अब सेना में छात्र-छात्राओं को समान अवसर मिल रहे हैं। कॉलेज सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि इस आयोजन के लिए कॉलेज का चयन होना



गौरव की बात है और विद्यार्थियों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना विकसित होना आवश्यक है। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत सेठिया ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि आज के समय में खून देने की नहीं, बल्कि समर्पण, परिश्रम, अनुशासन और कर्तव्य भावना की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन कार्यक्रमों–कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य–पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका डॉ. गायत्री शर्मा के निर्देशन में देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## 6 माह से फरार पॉक्सो एक्ट का 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलिया की ओर से पॉक्सो अधिनियम के मामले में कार्यवाही करते हुए 6 माह से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र बावरी को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने के मामले में 6 माह से आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र फरार चल रहा था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा की ओर से 5 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था। थाना बिजौलियां के कॉन्स्टेबल राजवीर की ओर से पाली जिले के सोजत सिटी में करीब 25 दिन फाईनेंस कर्मी बन कर जानकारी जुटाते हुए आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र बावरी को सोजत सिटी से पकड़ा। पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पांड्या, कॉन्स्टेबल राजवीर व विश्राम शामिल रहे।

## स्कूल में चोरी का राजफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलियां की ओर से तिलस्वां के सरकारी विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के आरोपियों व माल खरीदने वाले को गिरफ्तार कर चोरी हुए माल को बरामद किया गया।थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि रिजवान उर्फ इरफान निवासी पिपली पुरा थाना सिंगोली (मप्र) व शैतान सिंह उर्फ सोनू सिंह निवासी छोटी परलाई थाना जावदा को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर सरकारी विद्यालय में चोरी करने और चोरी का माल ओमप्रकाश निवासी सलावटिया व जनता बाई निवासी कांस्या को बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी गए 2 कम्प्यूटर, एक लेपटॉप, 2 पंखे,20 स्कूल बैग, 6 हैड फोन व 1 हार्ड डिस्क बरामद की। पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या,एएसआई लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल शिवपाल, हेमराम, रणजीत व नरेन्द्र शामिल रहे।

## सायला में डमी व्यक्ति को पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में तीन गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के सायला थाना क्षेत्र में डमी व्यक्ति पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन के निकटतम सुपरविजन में डमी व्यक्ति को पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के दर्ज प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार जैन ने सायला थाना पर रिपोर्ट पेश की है कि उसका खेत सरहद आसाणा में आया हुआ है, जिसकी आरोपी गौतमचंद वगैरा ने मिलकर डमी व्यक्ति पेश कर 13 मार्च 2026 को एग्रीमेन्ट करवाकर 2 अप्रैल 2026 को उपपंजीयन कार्यालय सायला में फर्जी रजिस्ट्री करवाकर अप्रार्थीपक्ष/पीड़ित जबरसिंह वगैरा से 5 करोड़ 41 लाख रूपये धोखाधड़ी करते हुए हड़प लिए है। पुलिस ने थाना सायला में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अलग-अलग टीमें गठित कर मुख्य आरोपी गौतम चंद लुकड़ पुत्र मांगीलाल जैन निवासी सायला व सह अभियुक्त दौलतराम पुत्र किशनलाल आचार्य निवासी सायला व विशालसिंह पुत्र भवानीसिंह राजपूत निवासी अजीतपुरा पुलिस थाना नोसरा हाल आशापुर्णा वेली नया हाईकोर्ट जोधपुर पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी को 14 अप्रैल को दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किए गए। जिन्हें न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड पर लिया जाएगा। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए अलग अलग टीमों की ओर से दस्तयाबी के प्रयास जारी है। जबकि इस मामले में डमी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## राजस्थान बिजली में सरप्लस की ओर, कटौती लगभग समाप्तः राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार को जालोर दौरे पर रहे। इस दौरान विजय पैराडाइज होटल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व किए गए करीब 80 प्रतिशत वादे पूरे कर लिए हैं। राठौड़ ने बिजली व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि जब भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बने थे, उस समय प्रदेश में बिजली की स्थिति खराब थी, लेकिन अब राजस्थान बिजली के मामले में सरप्लस होने की ओर बढ़ रहा है और कटौती लगभग समाप्त हो चुकी है। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी टिप्पणी की और नरेंद्र मोदी की ओर से लिए गए निर्णयों को वैश्विक स्तर पर उदाहरण बताया। वहीं जालोर जिले में झाब को पंचायत समिति हटाकर भादरुणा को पंचायत समिति बनाने के मामले में उन्होंने अनभिज्ञता जताई। भाजपा में बगावत करने वाले कार्यकर्ताओं की वापसी को लेकर पूछे गए सवाल पर राठौड़ ने कहा कि भविष्य में इस विषय पर और सावधानी बरती जाएगी। वहीं किसानों से जुड़े सवाल पर वे स्पष्ट जवाब नहीं दे सके और विषयांतर करते नजर आए। विकास कार्यों को लेकर पूछे गए सवालों पर भी ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस अवसर पर सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित व सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूनम बालिका महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिका के निकट पूनम बालिका महाविद्यालय में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर उपस्थितजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्या नीतू ढ़ाका ने कहा की बाबा साहेब की ओर से वंचित वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों, संविधान निर्माण और सामाजिक समरसता के अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।



# रास्ता नहीं होने के कारण सालों से बंद पड़ा सरकारी स्कूल

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां क्षेत्र के अंतर्गत बराबट गांव में सालों पहले निर्माण हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन का उद्घाटन तो दूर रास्ता न होने के कारण पढ़ने वाले बच्चों का पहुंचना नामुमकिन हो गया है। स्कूल लगभग 6 सालों से बंद पड़ा है, जिसके कारण न जाने कितने बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। विद्यालय भवन 2020-21 में बनकर पूर्ण रूप से तैयार हो गया था यही नहीं साथ साथ चारों ओर बाउंड्रीबॉल, बगीचा व शौचालय बनकर तैयार हो गया। स्वच्छ वातावरण व खुले आसमान के नीचे बना यह विद्यालय बच्चों की बाट देख रहा है। जिसकी देख रेख ना होने के कारण वर्तमान में यह एक वीरान हवेली बन कर रह गया है। ग्रामवासी निहाल सिंह त्यागी, खेमराज कुशवाह ने बताया 2020- 21 में इस विद्यालय का निर्माण प्रधानाचार्य रमेश कुमार व वर्तमान सरपंच कुंवरपाल कुशवाह के समय हुआ, उनके अथक प्रयास के बाबजूद भी रास्ता न मिलने के कारण आज विद्यालय छात्रों की बाट देख रहा है। रास्ता न होने के कारण यह सरकारी स्कूल वर्षों से बंद और अनुपयोगी पड़ा है, जिससे ग्रामीण इलाकों में बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। राज्य में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहाँ स्कूल की बिल्डिंग तो बन गई है, लेकिन पहुँच, मार्ग के अभाव में वे बच्चों के लिए दुर्गम बन गए हैं। कल्यान सिंह कुशवाह, एवं डालचंद ने बताया स्कूल तक जाने के लिए पक्का रास्ता नहीं है, जिससे बच्चे खेत या ऊबड़-खाबड़ रास्ते से जाने को मजबूर हैं। सुरक्षा और पहुँच रास्ता न होने से आपातकालीन स्थिति (जैसे आग या चिकित्सा) में एम्बुलेंस या दमकल की गाड़ी नहीं पहुँच सकती, जिससे स्कूल को असुरक्षित मानकर बंद रखा जाता है। रस्ते का अभाव होने के कारण स्कूल के लिए सामग्री (मिड-डे मील) आदि लाने में परेशानी होती है। स्कूल भवन तो बन गया, लेकिन भूमि अधिग्रहण या रास्ता न मिलने के कारण वह चालू नहीं हो पाया। शिक्षा से वंचित बच्चे दूर के स्कूलों में जाने को मजबूर हैं, जिसके कारण ज्यादातर बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है और वह मेहनत मजदूरी करने लगे हैं, जिस उम्र में उनके हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए वह अब मजदूरी करने लगे हैं। समाज सेवक देवेन्द्र कुशवाह मुरलीपुरा और राजू सरपंच ने कहा इन समस्याओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर गंभीर असर पड़ रहा है, जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ङ्क्षञ्श्व) के तहत शिक्षा हर बच्चे का बुनियादी अधिकार है। हम स्कूल के रस्ते के लिए सरकार व उच्चाधिकारियों से गुहार लगाते हैं, यहां जल्द से जल्द रास्ता बने, जिससे हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके।

## मिलावट पर बड़ी कार्रवाईः 325 किलो पनीर-मावा नष्ट, मिष्ठान भंडार को दिया नोटिस

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नियमित नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी. शुभमंगला एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने बसेड़ी क्षेत्र के गांव चोरपुरा मामुद्दीन में पारस मिल्क फूड का निरीक्षण कर पनीर एवं मावा के नमूने लिए। प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाए जाने पर मौके पर ही 225 किलो पनीर एवं 100 किलो मावा को नष्ट कराया गया। इसके अलावा धौलपुर शहर स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार पर भी कार्रवाई करते हुए मिठाई का नमूना लिया गया। संबंधित प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत व पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्युत के अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि खराब व टूटी सड़कों की मरम्मत किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी स्थिति में पेयजल संकट उत्पन्न न हो तथा सभी खराब हैंडपंपों को अनिवार्य रूप से दुरुस्त किया जाए। तकनीकी कारणों से कोई भी जल स्रोत बंद नहीं रहे और पेयजल आपूर्ति से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। आमेर उपखंड में तैनात तकनीकी टीमें गांव-गांव जाकर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करें गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने लू-तापघात की सम्भावना को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य का धरातल पर क्रियान्वयन हो। प्रत्येक कार्य का रिव्यू होना चाहिए। नीति आयोग से बजट प्राप्त हुआ है उसका सही निस्तारण किया जाए। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित एवं तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## डांग क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति, लंबित कार्यों पर सख्ती के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय डांग क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में डांग विकास कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र के पिछड़े इलाकों में विकास की रफ्तार तेज हो और आमजन के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार आ सके। जिला कलक्टर ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष रूप से राजाखेड़ा क्षेत्र में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन पंचायतों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सरपंचों को तत्काल कार्य शुरू करने के लिए पाबंद करने को कहा गया।

बैठक में यह भी सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं। इस पर जिला कलक्टर ने गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्यों को पूरा करने और दोबारा एस्टीमेट तैयार कर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सरकारी भवनों की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने छतों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, नियमित सफाई कराने तथा क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों पर आरसीसी छत निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर ही निर्माण कार्य किए जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी अहम निर्देश दिए गए। बड़ागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए बजट आवंटन, चीलपुरा स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत तथा मछरिया गांव में पोल शिफ्टिंग के मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राजाखेड़ा में निर्माणाधीन अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों के कार्य अधूरे हैं, वे समयबद्ध तरीके से उन्हें पूर्ण करें। हैंडपंप स्वीकृत होते ही तत्काल स्थापना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने आंगनबाड़ी, विद्यालय, पशुपालन व चिकित्सा विभागों को निर्देशित किया कि वे डांग क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर जिला परिषद को भिजवाएं। इसके साथ ही स्कूटी वितरण योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमानुसार समिति गठित कर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि डांग क्षेत्र के समग्र विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाए। बैठक में विधायक धौलपुर शोभारानी कुशवाह, बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, बसेड़ी संजय जाटव, राजाखेड़ा रोहित बोहरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयपुर टाइम्स की खबर का असरः मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** मीडिया की ताकत एक बार फिर सामने आई है। जयपुर टाइम्स में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया और मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शहर के एक मिष्ठान भंडार पर जांच अभियान चलाया गया।

राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग पहले से सक्रिय है, लेकिन खबर प्रकाशित होने के बाद कार्रवाई में तेजी देखने को मिली। खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी. शुभमंगला एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित मिष्ठान भंडार पर पहुंचकर मिठाइयों के नमूने लिए।

जांच के दौरान प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरी कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि मीडिया में उठाए गए मुद्दों को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मिलावटखोरों में डर पैदा होगा और आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सकेगी।

# खबर का असरः जयपुर टाइम्स में मामला उठते ही प्रशासन हरकत में आया



### 'रोड पर कब्जा, नालियां जाम... सुमेरपुर में गंदगी का राज!' पालिका की अनदेखी से त्रस्त लोग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगर पालिका सुमेरपुर की लापरवाही का खामियाजा अब आमजन को भुगतना पड़ रहा है। हाउसिंग बोर्ड बायपास रोड स्थित गाडोलिया लोहार बस्ती में सड़क पर अवैध चबूतरे बनाकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे सड़क संकरी हो गई और नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। नतीजतन गंदा पानी व कचरा सड़कों पर बह रहा है और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

**खुलेआम कब्जा, प्रशासन मौन**

स्थानीय निवासी दिनेश कुमार सहित लोगों का आरोप है कि सड़क पर अवैध निर्माण खुलेआम हुआ, लेकिन नगर पालिका ने कोई कार्रवाई नहीं की। चबूतरों के कारण नालियों का पानी रुक गया और अब वही गंदगी सड़कों पर फैल रही है।

**गंदगी से बढ़ा खतराः**

क्षेत्र में बदबू और गंदगी के चलते बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। 'हर रोज गंदे पानी से गुजरना पड़ता है, बच्चों-बुजुर्गों के लिए हालात बेहद खराब हैं,ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।

**शिकायतें बेअसर, सफाई व्यवस्था ठपः**

लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पालिका ने ध्यान नहीं दिया। अतिक्रमण के कारण सफाई भी नहीं हो पा रही, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है।

**जवाबदेही पर सवालः**

लाखों खर्च कर बनाई व्यवस्थाएं अतिक्रमण और लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी?

**लोगों में आक्रोश' तुरंत कार्रवाई की मांगः**

किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग की है क अवैध चबूतरों को तुरंत हटाया जाए, नालियों की सफाई कर जल निकासी बहाल की जाए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो, इस सभी पर कार्रवाई की मांग की है।



## हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में अतिक्रमण पर तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र की गाडोलिया लोहार बस्ती में सड़क एवं नालियों पर किए गए अतिक्रमण का मामला प्रमुखता से सामने आने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। पूरे मामले को लेकर दैनिक 'जयपुर टाइम्स' में प्रकाशित खबर के बाद मंगलवार को उपखंड प्रशासन हरकत में आया और तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर सड़क और नालियों के ऊपर पक्के चबूतरों का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसको लेकर तहसीलदार ने कार्रवाई को अंजाम दिया,और सख्त निर्देश दिए।

**जमीनी हकीकतः सड़क संकरी, निकासी बाधितः**

मौके पर देखा गया कि चबूतरों के कारण कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों के ऊपर किए गए निर्माण के चलते सफाई कार्य भी बाधित हो रहा है, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इनको लेकर जयपुर टाइम्स अखबार ने वार्डवासियों की आवाज बंद कर समस्या को प्रमुखता से उठाया तथा उपखंड प्रशासन का ध्यान इसकी तरफ आकर्षित किया।

**निरीक्षण में सामने आए अतिक्रमण के तथ्यः**

तहसीलदार ने पटवारी के साथ पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान–सड़क पर बने पक्के चबूतरे, नालियों के ऊपर निर्माण,बाधित सफाई व्यवस्था स्पष्ट रूप से सामने आए। इसको लेकर तहसीलदार ने कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए।

**स्थानीयों ने रखी समस्याएंः**

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों को बताया कि अतिक्रमण के कारण– रास्ता संकरा हो गया है,नालियों की सफाई प्रभावित हो रही है, गंदा पानी रुकने की समस्या बढ़ रही है, लोगों ने प्रशासन से शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

**खबर के बाद बढ़ी उम्मीदेंः**

मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासनिक सक्रियता से लोगों में उम्मीद जगी है। हालांकि मौके पर निरीक्षण के अलावा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन अब लोगों की नजरें आगामी कदमों पर टिकी हुई हैं।

## जोगेश्वर गर्ग का किया स्वागत

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आयुर्वेद, खेल, पीएचईडी और स्वायत शासन जैसे विभागों के मंत्री व जालौर से पांच बार विधायक रहे राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का सुजानगढ़ आगमन पर राष्ट्रीय जाट महासभा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने अभिनंदन किया।

### नाम परिवर्तन

मैनें मेरा नाम रेवंत राम से बदलकर रेवंत राम गोदारा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। रेवंत राम गोदारा (RAWANT RAM GODARA) पुत्र मूलाराम (MULA RAM), ग्राम सारंगसर, तहसील बीदासर (चूरू) राजस्थान

### नाम परिवर्तन

यह कि मैंने अपना नाम मोहम्मद साजिद (MOHAMMED SAJID) से बदलकर मोहम्मद साजिद लिलगर (MOHAMMED SAJID LILGAR) रख लिया है। भविष्य मे मुझे मोहम्मद साजिद लिलगर (MOHAMMED SAJID LILGAR) से जाना-पहचाना जावे।

**मोहम्मद साजिद लिलगर पुत्र मोहम्मद हारून जाति-लिलगर निवासी 204 स्कूल न.14 की गली वार्ड न.30 सुजानगढ जिला-चुरू**

### नाम परिवर्तन

8 वीं बोर्ड परीक्षा ( विद्यालय रिकॉर्ड में ) में मार्कशीट में नाम .. MAGHEE GURU है
माता का नाम HEERA DEVI हीरा देवी है .
पिता का नाम SOHAN RAM GURU (सोहन राम गुरु ) है
अतः भविष्य में मेरी पुत्री का नाम मघी व उसकी जन्मतिथि 11/12/2000 व उसकी माता का नाम हीरा देवी (HIRA DEVI) व पिता का नाम सोहनराम (SOHANRAM ) से जाना व पहचाना जायें

**शपथकर्ता**
**सोहनराम पुत्र दुर्गाराम जाति जाट**
**निवासी दुर्गाणा रामनगर**
**पंचायत बालेरा तहसील बीदासर ( चूरु )**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
15 अप्रैल, 2026

## बागड़ी की पुण्यतिथि पर फुले अवार्ड और प्रतिभाओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को स्टेशन मार्ग स्थित आनंद विला में श्रद्धांजलि व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में शेखावाटी अंचल की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।समारोह में शिक्षाविद रामकृष्ण शर्मा (मरणोपरांत) को शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए, कुमार लखोटिया को उद्योग, बनवारी लाल इंदौरिया को समाजसेवा और जगदीश प्रसाद तंवर को भामाशाह श्रेणी में सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित जनों को अतिथियों की ओर से मोतियों की माला पहनाकर, शॉल व साफा ओढ़ाकर, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट किए गए।कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ के एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों का भी अभिनंदन किया गया, जिनका चयन रेलवे, बैंक, सीआरपीएफ, भारतीय वायुसेना, सेना, लोको पायलट, पटवारी सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं में हुआ है। ट्रस्ट की ओर से सभी चयनित प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह व कलम भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि समाज को महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं फुले दंपति के विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा व सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुमार गहलोत ने कहा कि शिक्षा से ही समाज प्रगतिशील और विकसित बन सकता है। वहीं पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी ने सेवा को सबसे बड़ा पुण्य बताया।कार्यक्रम संत ओमनाथ महाराज व महंत दिलीप दास महाराज के सानिध्य तथा ट्रस्ट संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार माली ने किया, जबकि आभार मनोज राकसिया ने व्यक्त किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने बागड़ी दंपति, फुले दंपति व संतों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का अवलोकन भी किया गया, जहां भामाशाहों ने 11.51 लाख रुपए तथा दो कमरों के निर्माण के लिए सहयोग की घोषणा की।समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी व शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

## चंदा मेघवाल हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लोढ़सर के चंदा मेघवाल हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पीहर पक्ष की ओर से उपखंड कार्यालय में गत दिवस को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि दुलिया बास निवासी जगदीश प्रसाद ने अपनी पुत्री चंदा देवी की हत्या के मामले में सुजानगढ़ सदर थाने में गत 25 मार्च 2026 को मुकदमा दर्ज करवाया था। ज्ञापन में अनुसंधान अधिकारी पर दूषित अनुसंधान करने, पुलिस अधिकारियों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा शेष आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में घटनास्थल पर घटना के समय सक्रिय मोबाइल फोनों की सूची निकलवाने और उनकी कॉल डिटेल देने, पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिलवाने की मांग की गई है। इस दौरान बाबूलाल मेघवाल, एड. रामकुमार मेघवाल, एड. तिलोक मेघवाल, रतनलाल नायक, निवर्तमान पार्षद पुरूषोतम शर्मा, हिमांशु भाटी, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सैन जयंती महोत्सवः तहत जागरण का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(नि.सं.)।** कस्बे में सैन जयंती महोत्सव के तहत सोमवार रात्रि को नोखा रोड स्थित सैन मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार सुबह सैन मंदिर से सैन जी महाराज की शोभायात्रा गाजे-बाजे व आकर्षक झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल हुईं, वहीं श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में सैन जी महाराज के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में सैन समाज के अध्यक्ष सीताराम नाई , पवन कुमार, विजय कुमार,भंवरलाल, धनराज,मन्नालाल, पार्षद बेगराज,सांवरमल, ललित, हंसराज, सूजन सैन सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## गौसेवा कर मनाया पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल का जन्म दिन भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में निवर्तमान प्रधान शमनभरी देवी के नेतृत्व में गोपाल गोशाला में गायों को गुड व खल, लड्डू खिलाकर हर्षोल्लास से मनाया गया और खेमाराम मेघवाल के दीर्घायु व उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामनाएं की गई। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण, पूर्व नगर अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल काछवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, पूर्व महामंत्री भंवरलाल गिलान, पूर्व जिलाप्रवक्ता खुशीराम चादरा सांवरमल अग्रवाल, सौभाग्य कंवर, रेवंतमल पंवार, गंगाधर लाखन, महेश जोशी, हाजी हाकम अली, सुमन सामरिया, खुशबू दाधीच, पूजा प्रजापत, डॉ शंकर जिलाया, राजेंद्र दानोदिया, बृजेश शर्मा, संदीप सोनी, रमेश स्वामी, विक्की काछवाल, कृष्णा शर्मा, योगराज ढाका, राजवीर भार्गव, विक्की प्रजापत, मुकेश प्रजापत, विकास राव, गौतम राव, योगेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद किशोरीलाल शर्मा का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय जय निवास पर विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा के सुजानगढ़ प्रवास के दौरान स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज मेघवाल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, बजरंग लाल सेन, रामावतार शर्मा, इदरीश गौरी अमित मारोठिया, राजकुमार इंदौरिया, रेखाराम मेहरड़ा, हितेश जाखड़, विजय बटेश्वर, इलियास खान इकबाल खान, लालचंद बेदी, अमजद खान, राजेंद्र फुलफगर, कन्हैयालाल माली, पवन भोजक, सुनील सडूवाला आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद मंगल मिश्रा की माता भगवती देवी के निधन सांसद किशोरीलाल शर्मा ने शोक जताया और परिवार को सांत्वना दी। सांसद शर्मा ने स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचंद्र मिश्रा की धर्मपत्नी भगवती देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान परिवारजनों सहित सुरेंद्र मिश्रा, नरेंद्र भारती, राजेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, मुकुल मिश्रा सहित अन्य परिजन मौजूद रहे।

## महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल का लोकार्पण




जयपुर टाइम्स

**लाडनूं/रतनगढ़(नि.सं.)।** जैन विश्व भारती परिसर में रतनगढ़ के भामाशाह बैद परिवार की ओर से निर्मित महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल के भव्य भवन का लोकार्पण आचार्य महाश्रमण के पावन सान्निध्य में मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यश्री के मंगलपाठ से हुआ, जिसके पश्चात भामाशाह बुधमल बैद व जोधराज बैद बंधुओं ने निर्माण पट्ट का अनावरण किया। जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़ ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय की स्थापना समाज के लिए गौरव का विषय है, जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलेंगे। डीडवाना-सुजानगढ़ क्षेत्र में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। विशाल परिसर में 70 से अधिक कक्ष, आधुनिक कक्षाएं, एक्टिविटी हॉल, विज्ञान प्रयोगशाला सहित विभिन्न प्रशिक्षण कक्ष बनाए गए हैं। निर्माता परिवार की ओर से बुधमल बैद व जोधराज बैद ने अपनी स्वर्गीय माताजी इंदिरा देवी एवं बड़े भाई रतनलाल बैद का स्मरण करते हुए भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर आचार्य महाश्रमण ने कहा कि गुरुदेव तुलसी के समय से शिक्षा का यह क्रम निरंतर जारी है। विद्यालय भवन शरीर के समान है, जबकि विद्यार्थी और शिक्षक उसकी आत्मा हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कारवान, ज्ञानवान बनने तथा नैतिकता व नशामुक्ति के संकल्प अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से प्रेरक नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई। बैद परिवार के चैतन्य बैद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में मुख्य न्यासी जयंतीलाल सुराणा, मंत्री सलिल लोढ़ा, संरक्षक भागचंद बरड़िया, कुलपति प्रो. बच्छराज दुगड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पन्नालाल बैद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने बैद परिवार का स्मृति चिन्ह व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन आयशा ने किया, जबकि उप प्राचार्या चांदकिरण शेखावत ने आभार व्यक्त किया।

## सवाई माधोपुर पुलिस में 'ह्यूमन टच': जन्मदिन पर मिलेगी छुट्टी, एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी की पहल चर्चा में



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** पुलिस सेवा की कठिन ड्यूटी और लगातार तनावपूर्ण माहौल के बीच सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने एक मानवीय पहल कर पूरे प्रदेश में नई मिसाल पेश की है। अब जिले के पुलिसकर्मी अपने स्वयं के साथ-साथ अपने परिजनों के जन्मदिन पर अवकाश ले सकेंगे। एसपी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, यदि कोई पुलिसकर्मी अपने जन्मदिन या पत्नी, बच्चों अथवा माता-पिता के जन्मदिन पर अवकाश के लिए आवेदन करता है, तो उसे प्राथमिकता से स्वीकृति दी जाएगी। पुलिसकर्मी अक्सर व्यस्त ड्यूटी के कारण परिवार के महत्वपूर्ण अवसरों में शामिल नहीं हो पाते, जिससे मानसिक तनाव और पारिवारिक दूरी बढ़ती है। इस निर्णय से उनके जीवन में संतुलन आएगा और कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

### निचले स्तर तक पहुंचेगा लाभः

इस पहल का दायरा व्यापक रखा गया है। इसमें कांस्टेबल से लेकर सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) तक के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। साथ ही पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे पूरी पुलिस व्यवस्था में सकारात्मक माहौल बनेगा।

### मनोबल बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदमः

एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी की इस पहल को पुलिसिंग में 'ह्यूमन टच' के रूप में देखा जा रहा है। इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक ऊर्जा व सकारात्मक सोच के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे।

### सोशल मीडिया पर भी सराहनाः

इस अनूठे फैसले की सोशल मीडिया और आमजन के बीच व्यापक सराहना हो रही है। लोग इसे पुलिस महकमे में संवेदनशीलता और मानवीय सोच का उत्कृष्ट उदाहरण बता रहे हैं। यह पहल न केवल पुलिसकर्मियों के जीवन में खुशियां लाएगी, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास को भी और मजबूत करेगी।

## कन्हैयालाल सेठिया का सुजानगढ़ में स्मारक बनना चाहिए : जोगेश्वर गर्ग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की पैतृक हवेली का अवलोकन किया। मरूदेश संस्थान सुजानगढ़ और सेठिया परिवार की ओर से उनका पुष्प वर्षा के साथ दुप्पटा और साहित्य भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने मुख्य सचेतक गर्ग को इस महत्वपूर्ण हवेली के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए दो ज्ञापन भी सौंपे। महाकवि कन्हैयालाल सेठिया के साधना कक्ष में बैठकर जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि साहित्य मनीषी सेठिया राजस्थानी और राजस्थान के गौरव हैं। गर्ग ने कहा कि अपने जीवनकाल में उन्हें भी सेठिया के दर्शन का सौभाग्य मिला था। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार विधायक बने थे, तभी उन्होंने सबसे पहले अपनी मातृभाषा राजस्थानी में शपथ लेने की मांग की। जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थानी भाषा का संरक्षण बहुत जरूरी हैं। क्योंकि कोई भी भाषा मरती है तो उसके साथ पूरी संस्कृति मरती है। उन्होंने कहा कि वे कन्हैयालाल सेठिया की स्मृति में सुजानगढ़ में स्मारक बनाने और उनके अमर गीत ' धरती धोरां री ' राजस्थान का राज्य गीत बनाने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने सेठिया की कुछ कविताएं भी सुनाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, वरिष्ठ साहित्यकार भंवरसिंह सामौर, एसडीएम बीदासर अमीलाल यादव, संस्थान के सचिव कमलनयन तोषनीवाल, संयोजक सुमनेश शर्मा, समन्वयक किशोर सैन, पूर्व व्याख्याता पूनमचंद सारस्वत, संगीत साधना संस्थान के सचिव मुकेश रावतानी, एडवोकेट हेमंत कुमार शर्मा, भाजपा नेता बुद्धिप्रकाश सोनी, गणेश मंडावरिया, हिमांशु भाटी, छापर के कन्हैयालाल स्वामी, पार्थ सोनी, जितेंद्र स्वामी,कवि अरविंद विश्वेंद्रा, केन्द्रीय साहित्य अकादेमी की सदस्य डॉ. गीता सामौर, डॉ. आरती सामौर, डॉ. मानसिंह सामौर, सम्पत सिंह सामौर, महेश धर्ड, अर्जुन सियोता, राजेश बिहारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एआई युग में सामाजिक न्याय पर मंथनः अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय में प्रथम स्मृति विधि व्याख्यान आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को प्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति विधि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी उपस्थित रहे। व्याख्यान का विषय 'डेटा, डिग्निटी एंड डेस्टिनीः रीथिंकिंग सोशल जस्टिस इन द एआई एरा' रहा। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल तथा कुलसचिव वीरेन्द्र कुमार वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस आयोजन की जिम्मेदारी कानोडिया स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमेन, जयपुर को सौंपी गई थी, जिसमें प्रदेश के 80 विधि महाविद्यालयों ने भाग लिया।

### गरिमा संविधान की आत्माः न्यायमूर्ति शर्मा

कार्यक्रम की शुरुआत कुलगुरु प्रो. निष्ठा जसवाल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन, विचारों और उनकी विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मानवीय गरिमा को सर्वोच्च महत्व दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि आज के समय में निर्णय प्रक्रिया में डेटा और एआई की भूमिका बढ़ रही है, लेकिन 'गरिमा हमारे संविधान की आत्मा है, जिसके साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।' उन्होंने शिक्षा को मुक्ति का साधन बताया। मुख्य वक्ता न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने अपने व्याख्यान में कहा कि 'गरिमा सुनिश्चित करना समय और धर्म पर निर्भर करता है तथा हमारा भविष्य इस बात पर टिका है कि हम डेटा का उपयोग कैसे करते हैं।' उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय कोई एक परिणाम नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से समाज में गरिमा स्थापित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरिमा के बिना स्वतंत्रता अधूरी है और सामाजिक लोकतंत्र के बिना राजनीतिक लोकतंत्र टिक नहीं सकता।

### व्यापक सहभागिता, सार्थक संवादः

कार्यक्रम में प्रदेशभर के विधि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लेकर एआई युग में सामाजिक न्याय, डेटा उपयोग और संवैधानिक मूल्यों पर गहन विचार-विमर्श किया। अंत में कुलसचिव वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट प्रतिभाओं को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर दिखनादा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आगाज अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के आवक्ष के समक्ष दीप प्रज्वलन व ईश वंदना से किया गया। समारोह में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा व प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा व प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन 2025-2026 के लिए विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भंवरलाल जाखड़ व समारोह के अध्यक्ष प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह मीणा तथा विशिष्ट अतिथि ग्यारसी लाल सबल, अभिषेक शर्मा व गणपत राम सिद्धू रहे। प्रतिभावान विद्यार्थियों को माल्यार्पण, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे इंद्राज सिंह मीणा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर निरंतरता के साथ स्व मूल्यांकन कर अपने गुरुजनों से मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। जिससे अधिगम स्तर में आमूलचूल परिवर्तन किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन सुशील निर्वाण ने किया। विद्यालय की गौरव माया जाखड़ , सरिता जाखड़, लिछमा, लक्ष्मी प्रजापत, मूली प्रजापत, रेशमी सिद्धू, सोनू सुथार, सुमन कुमावत, विकास कुमार, राधा जाखड़, बसन्ती सिद्धू, कविता, सुमन, बसकरो, अंकिता एवं आईना को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पवन कुमार, किशोर कुमार, सुनीता सैनी, प्रभुद?याल सिहाग, जगदेवाराम, रामलाल भांभू, राजेश कुमार मीणा, गिरधारी लाल, कैशुराम स्वामी, दलीप कुमार जाखड़, पूनम राठौड़, कुसुमलता शर्मा, दिव्या, सिलोचना, प्रेमलता, प्रियंका कासनिया, दयाचन्द बड़?गुर्जर, शंकरलाल सिहाग, प्रियंका, सुशील निर्वाण, प्रमोद चौधरी, गजानन्द गौड, विकास पारीक सहित अनेक गणमान्य जन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ा रही थी।

## बार काउंसिल के सदस्य पद के लिए चुनाव 22 को, उम्मीदवार सुशील शर्मा ने झुंझुनूं में वकीलों से मांगा समर्थन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** बार काउंसिल आफ राजस्थान के 23 सदस्य पद के लिए चुनाव 22 अप्रेल को होंगे। चुनाव को लेकर प्रदेशभर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व सदस्य पद के उम्मीदवार सुशील शर्मा झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वकीलों के वेलफेयर से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए बेहतर मेडिकल सुविधाएं और पेंशन व्यवस्था लागू करना, युवा अधिवक्ताओं के लिए राजस्व न्यायिक सेवा कैडर का गठन तथा हर ग्राम पंचायत में युवा वकीलों को लीगल एडवाइजर के रूप में स्टाइपेंड देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि राजस्व न्यायिक सेवा कैडर बनेगा तो युवा अधिवक्ताओं को अधिकारी बनने का मौका मिलेगा। आजादी के बाद आज भी प्रशासनिक अधिकारी कानून की जानकारी के बगैर न्यायिक कार्य कर रहे है। जिससे पक्ष–विपक्ष और प्रशासन, तीनों को परेशानियां हो रही है। राजस्व न्यायिक सेवा का गठन होगा तो कानून के जानकार ही न्यायिक अधिकारी बनकर न्याय के सिद्धांत को धरातल पर लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बार काउंसिल की ओर से वकीलों के कल्याण पर जितनी राशि खर्च की जाती है। उतनी ही राशि सरकार से भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर में 239 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां कुल 84 हजार 247 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। झुंझुनूं जिले में करीब 2600 वकील मतदान करेंगे। इस बार 23 सदस्य पदों के लिए 234 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 57 महिला अधिवक्ता भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार पहली दफा पांच महिला सदस्यों का निर्वाचन सुनिश्चित किया जाएगा। चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के दौरे और संपर्क अभियान लगातार जारी हैं। जिससे पूरे प्रदेश में चुनावी माहौल बना हुआ है।

## सैन जी की 726 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में सैनजी महाराज की 726 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सैन समाज व सैलून संघ की ओर से रात्री के समय सैन मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे शोभा यात्रा सैन मंदिर से रवाना होकर मालासी बास,गांधी चौक, उत्तरादा बास आथुणा बास से होकर पुनः सैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा की जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जलपान की भी की जगह व्यवस्था की गई। शोभायात्रा का पूर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू के घर पर जलपान की व्यवस्था की गई। साथ ही पालिका उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश घिटाला ने जलपान करवाया। शोभायात्रा में समाज के मनोहर लाल लिलड़िया, लालचंद टोकसिया गुमानमल टोकसिया, रामनिवास जाड़ीवाल, प्रमोद लिलड़िया, चांदमल टोकसिया, धनराज फुलभाटी, गोपाल लिलड़िया पूर्व पालिका अध्यक्ष, गोरी शंकर टोकसिया, एडवोकेट सतीश मारु, शुभकरण टोकसिया, जगदीश प्रसाद टोकसिया, सोहनलाल टोकसिया, पवन टोकसिया, शिव प्रसाद टोकसिया, गोपाल टोकसिया सैलून संघ अध्यक्ष,रतनलाल लिलड़िया, नथमल टोकसिया, प्रकाश टोकसिया, एडवोकेट करणी टोकसिया, मानमल टोकसिया, भरत मारू, नंदलाल टोकसिया, लालचंद मारू कोषाध्यक्ष, कन्हेयालाल टोकसिया, शंकरलाल टोकसिया, आदि सेन बन्धु शामिल हुए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।